CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 16°C

नई दिल्ली, शनिवार 28 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 354 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 | 8 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल : प्रमोद तिवारी पेज 2



बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम किले में तब्दील खेल टाइम्स



नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी सम्पादकीय



स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराधः अब्बास अराघची पेज 12

# ईरान ने शुरू किया ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 83वां चरण

## IRGC ने की इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश, खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों को भी बनाया निशाना

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है।

इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजरायल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है। आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिये इजरायल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजरायल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं। ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **हूती विद्रोहियों ने ईरान के लिए जंग में उतरने की चेतावनी दी, ईरान बोला- भारतीय बच्चों का गुल्लक दान करना कभी नहीं भूलेंगे**

### ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा, इजरायल पर दागीं, मिसाइलों पर पाकिस्तान का भी नाम

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने इजरायल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की आईआरजीसी के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजरायल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।

### अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने को 10 लाख ईरानी लड़ाके तैयार

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान पर जमीनी हमला किया, तो उसे भीषण नरक यानी मुहंतोड़ कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ईरान के एक सैन्य सूत्र ने कहा है कि इस संभावित हमले की खबर के बाद देश में लड़ने का जोश बढ़ गया है। सूत्र के मुताबिक, अब तक करीब 10 लाख लड़ाके तैयार किए जा चुके हैं।

# भारत की सैन्य ताकत में होगा बड़ा इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर डीएसी की लगी मुहर**
- **एस-400 की अतिरिक्त खरीद को भी दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसके तहत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत के सैन्य हार्डवेयर खरीदे जाएंगे।

भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन, उच्च क्षमता के रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम की खरीद की मंजूरी दी गई है। एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम रियल- टाइम में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगा। जबकि, उच्च क्षमता वाला रेडियो रिले भरोसेमंद और त्रुटि-रहित संचार सुनिश्चित करेगा। धनुष गन सिस्टम से तोपखाने की क्षमता बढ़ेगी और सभी क्षेत्रों में लंबी दूरी के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा। रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम सैन्य इकाइयों को निगरानी की क्षमता देगा और आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन टैंक रोधी हथियारों की क्षमता को बढ़ाएगा। भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली एस-400, दूर से नियंत्रित हमलावर विमान और सुखोई-30 एयरो इंजन के कलपुर्जों की मरम्मत और ओवरहाल (इंजन के सभी हिस्सों की पूरी तरह जांच करना, खराब या घिसे हुए हिस्सों को बदलना और उसे फिर से पूरी क्षमता के साथ चलाने के योग्य बनाना) के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। मध्यम परिवहन विमान के शामिल होने से एएन-32 और आईएल-76 के पुराने परिवहन बेड़े को बदलने से वायुसेना की रणनीतिक, सामरिक हवाई परिवहन की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के संसदीय दल के नेता बालेंद्र शाह को नेपाल का 47वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के साथ ही नए मंत्रिमंडल के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। श्री शाह को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता के रूप में संविधान की धारा 76 (1) के तहत यह पद सौंपा गया है। वह काठमांडू महानगर पालिका के मेयर पद से इस्तीफा देकर राजनीति के राष्ट्रीय पटल पर उतरे और लोगों ने उन पर भरोसा जताया। चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद श्री शाह पहली बार संसद सदस्य के रूप में प्रवेश करते ही देश के कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अविमुक्तेश्वरानंद पर हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम मामले में अग्रिम जमानत दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। यह अपील मामले के शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने दायर की है। उन्होंने उच्च न्यायालय के 25 मार्च के आदेश को चुनौती दी है।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपये घटी

## दाम नहीं बढ़ेंगे, वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

सरकार के इस निर्णय से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव कम होगा और उन्हें फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में बताया कि पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण तेल विपणन कंपनियों पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का दबाव था। उत्पाद शुल्क में कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्च का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 0.5 प्रतिशत गिरकर करीब 107.5 डॉलर प्रति बैरल पर है। पश्चिम एशिया संकट के बाद से इसकी कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ चुकी है। यह कटौती सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों द्वारा नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश को किए जाने वाले निर्यात पर भी लागू होगी। इसके अलावा, सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन के निर्यात पर 29.5 प्रति लीटर का शुल्क लगाया -**शेष पृष्ठ दो पर**



**सरकार के फैसले से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव होगा कम, कटौती तत्काल प्रभाव से लागू**

### ईंधन की कमी को लेकर देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते थे कि (पेट्रोलियम) के खुदरा मूल्य बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन की कमी को लेकर देश में कोविड महामारी के दौर जैसा लॉकडाउन लगाने की चर्चाओं को भी खारिज किया और कहा कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और लॉकडाउन जैसा कुछ नहीं होगा। उन्होंने डीजल -पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये की कटौती के ताजा निर्णय के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री चाहते थे कि उपभोक्ता कीमतें न बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन पर शुल्क में कमी की सराहना की। उन्होंने लॉकडाउन की चर्चा पर कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोई लॉकडाउन नहीं होगा।



### सूर्य की किरणों ने किया रामलला का सूर्यतिलक

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के बालस्वरूप रामलला के जन्मोत्सव पर ठीक 12 बजे राममंदिर स्थित गर्भगृह में स्थापित रामलला की भव्य दिव्य प्रतिमा के ललाट पर भगवान सूर्य की किरणों ने सूर्यतिलक कर उनका अभिषेक किया। राम का जन्म होते ही राममंदिर का संपूर्ण परिसर जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो गया, घंटा घड़ियाल और मृदंग मंजीरों के मधुर संगीत के साथ प्रगट भए कृपाला दीन दयाला के भजन से रामभक्त श्रद्धालु झूम उठे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर राममय हो गया। रामजन्मोत्सव की शुरुआत प्रभु श्रीराम के पंचामृत महाभिषेक से प्रात: 9 बजे ही शुरू हो गई थी। राममंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। प्रभु श्रीराम का श्रृंगार किया गया और रामलला को पीला वस्त्र धारण कराया गया। रामलला को भोग प्रसाद ग्रहण कराने के बाद उनकी आरती उतारी गई।




# इजरायल से दोस्ती, खाड़ी देशों का भी करीबी बना भारत

वाशिंगटन, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत का संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण इजरायल के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की ओर आगे बढ़ रहा है।

एक प्रतिष्ठित अमेरिकी थिंक-टैंक मिडिल ईस्ट फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी में लगातार वृद्धि हुई है, जो सीमित राजनयिक आदान-प्रदान से शुरू होकर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के एक मजबूत रिश्ते में बदल गई है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद, क्षेत्रीय अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों को लेकर साझा चिंताएं उनके रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मददगार रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए इजरायल ने रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वहीं, नई दिल्ली ने अपनी व्यापक पश्चिम एशिया रणनीति के तहत अरब देशों के साथ भी अपने मजबूत संबंध बनाए रखे हैं। समय के साथ भारत और इजरायल के बीच सहयोग का दायरा बढ़ा है। इसमें खुफिया जानकारी साझा करना, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा नवाचार, साइबर सुरक्षा और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी में अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ, इजरायल भारत के लिए एक अनिवार्य भागीदार के रूप में उभरा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर 2025 में हस्ताक्षरित संयुक्त विकास और सह-उत्पादन पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) है।



- **अमेरिकी रिपोर्ट ने बताई नई दिल्ली की रणनीति**
- **आतंकवाद और सुरक्षा चिंताओं से मजबूत हुए रिश्ते**

### कनाडा की विदेश मंत्री से जयशंकर ने होर्मुज संकट पर की बात

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उसके दुनिया पर पड़ रहे असर को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ अहम बैठक की। दोनों नेताओं की यह बैठक जी7 की बैठक से अलग हुई। जयशंकर गुरुवार को जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस पहुंचे। बैठक के बाद कनाडा की विदेश मंत्री ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएम कार्नी के भारत दौरे पर आगे बढ़ाई गई साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। आनंद ने कहा कि बैठक में व्यापार, पश्चिम एशिया की स्थिति और दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत करने पर बात हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्राला से टकराई, 8 की मौत

**कौशांबी।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 17 श्रद्धालु घायल हो गए है। सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में तीन बच्चे, तीन महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर बच्चे का मुंडन कराने के लिए प्रयागराज आए थे। यहां संगम स्नान और मुंडन संस्कार कराने के बाद पिकप से फतेहपुर लौट रहे थे कि सैनी इलाके में हादसा हो गया।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। बीच कारोबार में पहली बार भारतीय मुद्रा इस स्तर तक कमजोर हुई है। पिछले कारोबारी दिवस पर 25 मार्च को यह 20 पैसे की गिरावट में 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी जो इसका अब तक का सबसे कमजोर बंद भाव है। रुपया आज 22.75 पैसे की गिरावट में 94.1875 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 94.30 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में इस

## जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से सीएम ने की मुलाकात

# गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, पुलिस करे सख्त कार्रवाई: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



■ कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री का रुख सख्त

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से दो टूक कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही की जाए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेए जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अधिकारियों को निर्देशित करने के साथ ही योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध करा देगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा और उन्हें चॉकलेट के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया। वहीं मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा भाव से उनकी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बघने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठा धीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया।

### प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के लिए जीरो टॉलरेंस: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा के बेहतर माहौल के साथ सरकार रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रही है। योगी गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां हर सज्जन शक्ति का संरक्षण है, लेकिन दुर्जन शक्ति के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के लिए संवेदना है लेकिन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है उत्तर प्रदेश में विरासत का सम्मान भी है और विकास की गारंटी भी। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

## उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल: कांग्रेस



■ सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर सियासी लाभ लेने की कोशिश कर रही: प्रमोद तिवारी



■ आत्मनिर्भरता के प्रयासों के बावजूद भारत की ऊर्जा आयात क्षेत्र में निर्भरता बढ़ी है: जयराम रमेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में उप नेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईंधन में उत्पाद शुल्क कटौती 'जनता से वसूली का खेल' है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे 'उपकार' के रूप में पेश करती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपए प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमशः लगभग 32.98 रुपए और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है। उन्होंने इसे जनता पर बढ़ता आर्थिक बोझ बताते हुए कहा कि सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। अंत में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लगता है, जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है। गौरतलब है कि सरकार ने आज पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क को 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया है। इससे पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटकर तीन रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल पर यह जीरो रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को ऊर्जा आयात पर बढ़ती निर्भरता को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश प्रमुख ईंधन क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता से और दूर चला गया है। श्री रमेश ने एक बयान में कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच कच्चे तेल के आयात पर भारत की निर्भरता 84 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसी अवधि में एलपीजी आयात पर निर्भरता 46 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह सब तब हो रहा है, जब नारा आत्मनिर्भरता का दिया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में प्राकृतिक गैस उत्पादन की स्थिति 'और भी अस्पष्ट' बनी हुई है, जिसे उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान किए गए दावों से जोड़ा। उन्होंने याद दिलाया कि 26 जून 2005 को मोदी ने घोषणा की थी कि गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (जीएसपीसी) ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन के गहरे समुद्र में देश के सबसे बड़े गैस भंडार की खोज की है, जिसे भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाला बताया गया था।

## यूपी के कई जिलों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

■ अफवाहों के चलते मची मारामारी, राज्य सरकार ने कहा-पर्याप्त है स्टॉक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने और संभावित कमी की अफवाहों के चलते गुरुवार को कई जगहों पर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं और यातायात तक प्रभावित हुआ। यह हालात अयोध्या, अंबेडकर नगर और बहराइच समेत तमाम जिलों ने दिखाई पड़े।

प्रयागराज के अलोपीबाग, सिविल लाइंस, करेली और मीरापुर जैसे इलाकों में लोगों ने आधा टैंक भरा होने के बावजूद ईंधन भरवाने के लिए लंबी कतारें लगा दीं। कई जगहों पर लाइनें सड़कों तक फैल गईं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल देखने को मिला, जहां पेट्रोल पंप कर्मियों को भीड़ संभालने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। बहराइच में भी शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में अचानक मांग बढ़ी, हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी 121 पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त है। अंबेडकर नगर में हालात कुछ ज्यादा बिगड़े नजर आए, जहां कई पेट्रोल पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड लग गए। बस्कहरी, जलालपुर और जहांगीरगंज जैसे इलाकों में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की खबरें आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई पंपों पर दोपहिया वाहनों के लिए 200 रुपये और चारपहिया के लिए 500 रुपये के ईंधन की सीमा तय करनी पड़ी।

## गैस सिलेंडर के लिए सोशल मीडिया पर अपना नम्बर डालें उपमुख्यमंत्री: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर के संकट से जूझ रही जनता के प्रति हमदर्दी का इजहार करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम को अपना नम्बर सोशल मीडिया पर जारी करना चाहिए, जिससे आम जनता को सिलेंडर आसानी से मिल सके। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र के भाजपाई डिप्टी सीएम के बयान से ये साबित हो गया है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपाई ही कर रहे हैं। डिप्टी सीएम का दावा है कि 'जिसके यहां सिलेंडर न हो वो हमारे यहां सूचना भेज दे, हम सिलेंडर भिजवा देंगे'। इस संदर्भ में आग्रह है कि वो अपना फोन नंबर सोशल मीडिया पर डाल दें या अपने घर, कार्यालय या फिर सीधे अपने जमाखोरीवाले अंडरग्राउंड गोदाम का पता ही दे दें। दरअसल मौर्य ने कहा था कि अगर किसी के पास सिलेंडर नहीं है, तो वे उनके कार्यालय को सूचित करें, सिलेंडर भिजवाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संकट के समय भाजपा कार्यकर्ता जनता की मदद के लिए सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों के बावजूद पार्टी के लोग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

### बंगाल चुनाव के बाद पेट्रोल डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी संभव: रामगोपाल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच दावा किया है कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के चुनाव के बाद पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर 50 रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इटावा स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों पर संकट गहराता जा रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को फिर गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,690.23 अंक (2.25 प्रतिशत) टूटकर 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत नीचे 22,819.60 अंक पर बंद हुआ। विदेशों से मिले नकारात्म संकेतों के कारण आज शुरू से ही बाजार पर दबाव रहा।

डॉलर की तुलना में रुपये के कमजोर पड़ने से निवेश धारणा और प्रभावित हुई। फिलहाल रुपया 94.70 रुपये प्रति डॉलर पर है। पिछले कारोबारी दिवस पर 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा बीच कारोबार में 94.85 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गई थी। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.74 प्रतिशत उतर गया। सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त में रहने वाला आईटी सूचकांक भी अंत में गिर गया।



बैंकिंग, रियलटी, ऑटो, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, एफएमसीजी, धातु, तेल एवं गैस और फार्मा सेक्टरों में अधिक दबाव देखा गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक टूटे। बजाज फाइनेंस में भी सवा चार फीसदी की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, बीईएल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक फिसल गए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 11.413 अरब डॉलर तक घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार 10 सप्ताह बाद 700 अरब डॉलर से नीचे उतरा है। इसकी मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में 13 अरब डॉलर से अधिक की साप्ताहिक गिरावट है। गत 27 फरवरी को रिकॉर्ड 728.494 अरब डॉलर को छूने का बाद विदेश मुद्रा का देश का भंडार लगातार तीसरे सप्ताह कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 13.495 अरब डॉलर घटकर 117.186 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में आलोच्य सप्ताह के दौरान 2.127 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है और यह 557.695 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.833 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## चांदी की कीमतों में करीब 5380 रुपये का उछाल, सोना रुपये 1.41 लाख पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**

सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। पश्चिम एशिया के हालात को लेकर बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने फिर से बुलियन में खरीदारी बढ़ाई। चांदी की कीमत 5380 रुपये बढ़कर 2.25 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 1320 रुपये बढ़कर 1.41 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट थमती नजर आई और दोनों धातुएं हल्की बढ़त के साथ कारोबार करती दिखीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के साथ समझौते की समयसीमा को एक बार फिर आगे बढ़ाने के फैसले से बाजार को अस्थायी राहत मिली है। कामेक्स पर सोना 0.33 प्रतिशत बढ़कर 4,423 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि पिछले सत्र में इसमें करीब 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। वहीं चांदी की कीमत 0.29 प्रतिशत बढ़कर 68.13 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाने की कार्रवाई को फिलहाल 10 दिनों के लिए टाल दिया गया है। इससे निवेशकों की घबराहट कुछ कम हुई है, क्योंकि पिछले एक महीने से जारी संघर्ष ने बाजार में अनिश्चितता बढ़ा रखी थी। हालांकि, सोना और चांदी पर दबाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसके पीछे कई बड़े कारण हैं- ऊर्जा कीमतों में तेजी से महंगाई का खतरा बढ़ा है, जिससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरें ऊंची रख सकते हैं। इससे बिना ब्याज वाले एसेट जैसे सोना-चांदी की मांग घटती है। डॉलर इंडेक्स करीब 100 के स्तर पर बना हुआ है और संघर्ष शुरू होने के बाद इसमें लगभग 2.3: की बढ़त आई है। मजबूत डॉलर से कमोडिटीज महंगी हो जाती हैं, जिससे मांग कमजोर पड़ती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की के केंद्रीय बैंक ने संघर्ष के शुरुआती दो हफ्तों में करीब 60 टन सोना बेचा या स्वैप किया, जिससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव आया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...**

है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है। पिछले दिनों नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी की मौत के बाद ईरान भड़क उठा है। इजरायली हमले में तंगसिरी की मौत हुई थी। बताया जा रहा है कि ईरान इसी का प्रतिशोध ले रहा है। 28 फरवरी 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुआ यह युद्ध अब वैश्विक संकट बन चुका है।

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लगभग बंद कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अमेरिका ने 6 अप्रैल तक तेल डिपो पर हमले न करने की बात कही है, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके उलट दिख रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों की माने तो अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में तेल गैस की भारी किल्लत हो सकती है। वहीं मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले बढ़ाए, तो वे जंग में उतर सकते हैं। हूती प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि यमन ईरान के समर्थन में जंग में शामिल हो सकता है। अधिकारी ने इसे धार्मिक, नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी बताया। हूतियों ने कहा कि अगर हालात और बिगड़े, तो वे पहले ही हस्तक्षेप कर सकते हैं और बाब-अल-मंदाब स्ट्रेट को बंद करना भी एक विकल्प है। यह स्ट्रेट ग्लोबल शिपिंग के लिए बेहद अहम है और इसके बंद होने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी तक हूती नेतृत्व ने औपचारिक रूप से जंग में शामिल होने का ऐलान नहीं किया है, लेकिन उनकी चेतावनी से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने भारतीय बच्चों द्वारा गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना 'प्यार भरा तोहफा' है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर ईरान के लिए पैसे दान किए। ईरान दूतावास ने कहा कि यह दया और समर्थन उनके लिए बेहद मायने रखता है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा।

**पेट्रोल-डीजल पर...**

है। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे देश में डीजल और विमान ईंधन की ज्यादा उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। पेट्रोल डीजल के निर्यात पर विशेष उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। निर्यातित पेट्रोल पर विशेष उत्पाद शुल्क शून्य है, जबकि डीजल पर 18.5 रुपये प्रति लीटर है। इस कटौती के बाद पेट्रोल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.40 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तीन रुपये, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर 2.50 रुपये और अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसंरचना उपकर) पांच रुपये प्रति लीटर हो गया है। डीजल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.80 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क शून्य, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर चार रुपये और विशेष उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसंरचना) दो रुपये प्रति लीटर हो गई है। इन केंद्रीय करों के अलावा पेट्रोल-डीजल पर हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश द्वारा अलग-अलग मूल्य वर्द्धित कर (वैट) भी लगाया जाता है। इस बीच, गैर ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। गैर ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मीरवाइज के नेतृत्व में ईरान के राजदूत से मिला एमएमयू का प्रतिनिधिमंडल

**श्रीनगर।** मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फथअली से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एमएमयू के संरक्षक मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में कश्मीर के प्रमुख धार्मिक नेता शामिल थे, जिनमें मुफ्ती नासिर-उल-इस्लाम, आगा सैयद हसन अल-मोसवी, आगा सैयद हादी अल-मोसवी और आगा सैयद मुजतबा प्रमुख थे। इस मुलाकात का उद्देश्य ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शोक व्यक्त करना और ईरान के एकजुटता जताना था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में इस्लामी धार्मिक संगठनों एमएमयू ने खामेनेई की हत्या के विरोध में दो मार्च को कश्मीर में बंद का आह्वान भी किया था। एमएमयू ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अयातुल्ला अली खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों और नेतृत्व के अन्य सदस्यों की हत्या पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने ईरान की जनता के प्रति गहरी एकजुटता जताई, जिसे उन्होंने उनके कठिनाई के समय के रूप में वर्णित किया। एमएमयू ने कहा कि कश्मीर की जनता की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुस्लिम उम्माह के एक प्रमुख और सम्मानित नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत ने उन्हें गहरा दुख पहुंचाया है।

## ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर प्रधानमंत्री का आभार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी के प्रयासों को खुलकर सराहा

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि जहां दुनिया ईंधन की कमी से गुजर रही है, वहीं भारत में ईंधन की प्रचुर उपलब्धता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुरी ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देश ईंधन संरक्षण के लिए ऑड-ईवन, सप्ताह में चार दिन काम और स्कूलों-कार्यालयों को बंद करने जैसे कड़े कदम उठा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऊर्जा सुरक्षा और उपलब्धता का एक बेमिसाल उदाहरण बना हुआ है। पुरी ने घोषणा की कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने राज्यों के वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से 20 प्रतिशत आवंटन स्टील, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और अन्य श्रम-गहन उद्योगों को दिया जाएगा। उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां 'पाइप्ड गैस' एक विकल्प नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार की स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि पिछले एक महीने में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 30.50 प्रतिशत, उत्तरी अमेरिका में 30 प्रतिशत, यूरोप में 20 प्रतिशत और अफ्रीकी देशों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। पुरी ने कहा कि मोदी सरकार के पास दो विकल्प थे या तो अन्य देशों की तरह नागरिकों के लिए कीमतें बढ़ा दी जाएं या फिर अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता से देशवासियों को बचाने के लिए सरकारी खजाने पर इसका बोझ उठाया जाए। प्रधानमंत्री ने सरकारी खजाने से इस समस्या के समाधान का विकल्प चुना ताकि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके। श्री पुरी के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल-डीजल आदि पर कर कम कर दिया है ताकि तेल कंपनियों के उच्च घाटे (पेट्रोल पर लगभग 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर) को कम किया जा सके। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उछाल को देखते हुए निर्यात कर भी लगाया गया है।

# रोहिणी में पुलिस व बदमाशों के बीच एनकाउंटर, दो पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच को 2 अपराधियों (कुणाल / शंटी और विशाल) के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई थी, जो कुख्यात टिल्लू गिरोह के भगोड़े वांछित गैंगस्टर दीपक पाकस्मा/हिम्मत चिक्को से जुड़े हुए हैं और दोनों आरोपी दिल्ली के हरेवली में रवि भारद्वाज की सनसनीखेज हत्या के मामले में वांछित थे। जानकारी को और विकसित और सत्यापित किया गया और यह पता चला कि 19 मार्च, 2026 को बाहरी उत्तरी दिल्ली के हरेवली गांव (बवाना) में 30 वर्षीय रवि भारद्वाज नाम के एक व्यक्ति की उसके घर से जुड़ी एक दुकान के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक मामला एफआईआर संख्या 124/26, दि. 20.03.26, धारा 103(1)/3(5) बीएनएस आर/डब्ल्यू 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत इस संबंध में पीएस बवाना, दिल्ली में मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ के अनुसार, पीड़ित जेल में बंद गैंगस्टर दीपक उर्फ घ्घतितर (गोगी गिरोह) का करीबी सहयोगी था। यह हत्या गोगी गिरोह और टिल्लू गिरोह के बीच पुरानी दुश्मनी का नतीजा थी। तदनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए एक टीम का गठन किया गया जिसमें इंस्पेक्टर मान सिंह, इंस्पेक्टर सुंदर गौतम, एसआई मनीष, विजेंद्र दिवाच, वीरेंद्र, एएसआई विकास, एचसी गौरव, रोहित, सोनू, जितेंद्र, सुमित यादव, सोनू, पवन रामजस, कांस्टेबल रॉबिन शामिल रहे। मुखबिर की सूचना पर सेक्टर- 28, रोहिणी, दिल्ली के इलाके में जाल बिछाया गया। इसके बाद, लगभग 01 बजे, केंद्रीय विद्यावाला, सेक्टर- 28, रोहिणी, दिल्ली के पास एक सफेद रंग की स्कूटी को रोका गया और रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम से घिरे हुए देखकर, ऊपर बताई गई स्कूटी पर आए दोनों आरोपियों ने पुलिस टीम को निशाना बनाते हुए गोलियां चला दीं। तब एसीपी संजय कुमार नागपाल, हेड कांस्टेबल रोहित, हेड कांस्टेबल सोनू और हेड कांस्टेबल जितेंद्र ने अपनी आत्मरक्षा में, आरोपियों के पैरों को निशाना बनाते हुए जवाबी फायरिंग की। इसके बाद, रेडिंग टीम ने दोनों आरोपियों को काबू कर लिया और उनकी पहचान (1) कुणाल उर्फ शुंटी, पुत्र सतपाल उर्फ संजय, निवासी खैरपुर, झज्जर, हरियाणा, उम्र- 23 वर्ष; और (2) सीसीएलए के रूप में हुई। तदनुसार, कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और आरोपी कुणाल को गिरफ्तार कर मौके से 2 पिस्तौल (0.32 बोर), 07 जिंदा कारतूस (0.32 बोर), 08 खाली कारतूस, एक चोरी की स्कूटी बरामद किए गए हैं।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में अल फलाह युनिवर्सिटी के चेयरमैन को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईडी ने अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को एक और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। यह मामला दिल्ली में करीब 45 करोड़ रुपये की जमीन के कथित फर्जी तरीके से अधिग्रहण से जुड़ा है।

ईडी के मुताबिक, 61 वर्षीय सिद्दीकी को 24 मार्च को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया गया, जहां वह पहले से ही एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग और दिल्ली पुलिस के मामले में न्यायिक हिरासत में बंद थे। 25 मार्च को उन्हें साकेत स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें 4 अप्रैल तक ईडी की रिमांड में भेज दिया।

जांच एजेंसी का आरोप है कि दिल्ली के मदनपुर खादर गांव में स्थित 1.14 एकड़ जमीन (खसरा नंबर 792) को फर्जी दस्तावेजों के जरिए हासिल किया गया। इस जमीन की कीमत करीब 45 करोड़ रुपये आंकी गई है, जबकि दस्तावेजों में इसकी खरीद कीमत महज 75 लाख रुपये दिखाई गई।

ईडी का कहना है कि सिद्दीकी, जो तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन के डायरेक्टर और बहुसंख्यक शेयरधारक हैं, ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया। एजेंसी अब पूरे मनी ट्रेल की जांच कर रही है और इस मामले में अन्य लाभार्थियों की पहचान करने की कोशिश जारी है।

सिद्दीकी को इससे पहले नवंबर 2025 में भी ईडी ने एक अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उस मामले में उन पर उनके शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को मान्यता और एक्रेडिटेशन को लेकर गुमराह करने का आरोप है।

जांच में यह भी सामने आया था कि 2018 से 2025 के बीच यूनिवर्सिटी ने करीब 415.10 करोड़ रुपये की कमाई की, जिसमें से बड़ी राशि को निजी इस्तेमाल के लिए डायवर्ट किया गया। फरीदाबाद स्थित इस यूनिवर्सिटी का नाम 10 नवंबर 2025 को हुए रेड फोर्ट क्षेत्र के विस्फोट की जांच में भी सामने आया था, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में यूनिवर्सिटी के डॉक्टर उमर-उन-नबी को कथित आत्मघाती हमलावर बताया गया था, जिसकी विस्फोटक से भरी कार चलाते समय मौत हो गई थी।

# चहल ने महिला कला कार्यशाला शक्ति का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालि. का परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने प्रसिद्ध कलाक. ार - रमेश्वर ब्रूटा की उपस्थिति में त्रिवेणी कला संगम, में एनडीएमसी की पाँच दिवसीय महिला कला कार्यशाला "शक्ति: भारतीय संस्कृति और समाज में महिलाओं का उत्सव" का उद्घाटन किया।

चहल ने बताया कि त्रिवेणी कला संगम के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला 27 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च 2026 तक चलेगी। इस कार्यशाला में 20 प्रतिष्ठित महिला कलाकार भाग ले रही हैं, जो कैनवास पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से "शक्ति" के भाव को प्रस्तुत करेंगी। चहल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए घोषणा की कि यह पहल अब एनडीएमसी के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बनेगी।

उन्होंने कहा कि एनडीएमसी इस कार्यशाला का आयोजन हर वर्ष करेगा, जिससे कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण को और मजबूती मिलेगी तथा महिला कलाकारों को अपनी प्रतिभा और विचार प्रस्तुत करने के लिए एक स्थायी मंच मिलेगा। कलाकारों को संबोधित करते हुए चहल ने कहा कि कला हमेशा से पहचान, संघर्ष और बदलाव को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम रही है। उन्होंने बताया कि "शक्ति: भारतीय संस्कृति और समाज में महिलाओं का उत्सव" विषय पर आधारित यह कार्यशाला भारत में महिलाओं की यात्राख्रअतीत, वर्तमान और भविष्यख्रको समझने और उसे चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल महिला कलाकारों को "शक्ति" के विचार पर सोचने का अवसर देती है, जो केवल परंपरागत नारी शक्ति का प्रतीक ही नहीं, बल्कि आज के समय में सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक शक्ति भी है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रामेश्वर ब्रूटा ने कहा कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों को पहचान, समानता, आत्मनिर्भरता, समुदाय और आत्म-अभिव्यक्ति जैसे विषयों पर काम करने के लिए प्रेरित करती है।




कुलजीत सिंह चहलमहिला कला कार्यशाला "शक्ति" का उद्घाटन करते हुए।

## एक नजर

### पूर्वो दिगंत फाउंडेशन ने संस्थापक दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** पूर्वो दिगंत फाउंडेशन, जो नई दिल्ली स्थित एक प्रमुख स्वैच्छिक संगठन है, ने गोडावरी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में अपना 7वां वार्षिक दिवस एवं संस्थापक दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक विविधता, कलात्मक अभिव्यक्ति और रचनात्मक ऊर्जा से भरपूर एक यादगार शाम साबित हुआ।विश्व कविता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में संगीत, कविता और मंचीय प्रस्तुतियों का अनूठा संगम देखने को मिला। शाम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध अभिनेता, परफॉर्मर और गायक अनिर्बान भट्टाचार्य की प्रभावशाली प्रस्तुति रही। थिएटर, सिनेमा और संगीत के क्षेत्र में उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी।

### अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के एसईटी व एसआईटीईईई 2026 आवेदन जल्द होने जा रहे बंद

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए एसईटी 2026 (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट) और एसआईटीईईई 2026 (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम) के रजिस्ट्रेशन जल्द बंद करने जा रही है। इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले छात्र ध्यान दें कि इस अंतिम दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। ˆम्ज और ˆप्जम्म दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके जरिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है।

### भारत एवं यूएस के बीच साझेदारियों का आह्वान किया



**नई दिल्ली।** सेरा वीक के दौरान वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने विश्वस्तरीय साझेदारियों, टेक्नोलॉजी एवं निर्णायक कार्यान्वयन के माध्यम से भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान करने पर जोर दिया। इस प्लेटफॉर्म के अनूठे महत्व पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा, "सेरा वीक जिस तरह से लोगों को एक मंच पर लाता है, ऐसा बहुत कम फोरम कर पाते हैं। जिन चीजों को हासिल करने में कंपनियों को शायद सालों लग जाएं, यहां वे कुछ ही दिनों में उन उपलब्धियों को हासिल कर लेती हैं। सेरा में एनर्जी, प्रतिभा और 'आओ एक साथ मिलकर कर इसे अंजाम दें' की सोच ही इन उपलब्धियों में योगदान देती है, जो कहीं ओर देखने को नहीं मिलती। भारत को विकास के दीर्घकालिक मार्केट के रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा, "भारत की भू-संरचना बेहद मजबूत है, देश के पास अपार भंडार और गहन तकनीकी प्रतिभा है। यहां ढेरों अवसर मौजूद हैं।

### ऑल-इन-वन कुकिंग पेश किया

**नोएडा।** फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने फिलिप्स वनशेफ के लॉन्च की घोषणा की, जो एक नया ऑल-इन-वन स्मार्ट कुकिंग उपकरण है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह रोजमर्रा की कुकिंग को आसान बनाए और भारतीय घरों के लिए विविध व्यंजनों की नई संभावनाएं खोले। एक खास शेफ टेस्टिंग टेबल इवेंट में इसका अनावरण हुआ, जिसे शेफ रणवीर बरार ने क्यूरेट किया। लॉन्च के दौरान गुलबहार तौरानी ने कहा, वर्सुनी में हमारा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि भारतीय घरों में खाना कैसे बनाया जाता है और उसी के अनुसार उपकरण विकसित किए जाएं।

### राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद के पुनर्गठन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद (एनसीपीयूएल) के संबंध में केंद्र सरकार की ओर से आधिकारिक जवाब प्राप्त हो गया है, जिससे इस संस्था के पुनर्गठन और प्रशासनिक गतिविधियों की बहाली की उम्मीदें बढ़ गई हैं। यह जवाब शिक्षा मंत्रालय के तहत मिला है, जिसमें बताया गया है कि परिषद के पुनर्गठन की प्रक्रिया जारी है और संबंधित समितियों के गठन पर भी विचार किया जा रहा है। पत्र के अनुसार, एग्जीक्यूटिव बोर्ड और गवर्निंग काउंसिल के पुनर्गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जबकि फाइनेंस कमेटी के गठन पर भी मंत्रालय में विचार चल रहा है। इस संबंध में उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जवाब मिलना एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनसीपीयूएल के पुनर्गठन की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी और संस्था फिर से पूरी सक्रियता के साथ उर्दू भाषा के विकास में अपनी भूमिका निभाएगी।

# युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने शव रखकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर मे पड़ोसियों ने एक युवक ओर उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला किया, जिसमे युवक की मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नी घायल है। इस वारदात से गुस्साएं लोगों ने स्थानीय विधायक मोहन सिंह विष्ट के कार्यालय के सामने शिव विहार रोड पर शव रखकर विरोध दर्शाया स इस मामले मे पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है प्रदर्शन कर रहे लोगों ने अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

मृतक की पहचान राजकुमार के रूप मे हुई है वह अपने परिवार के साथ गली न-9, प्रेम विहार, शिव विहार मे रहता था स बीती 20 मार्च को राजकुमार का अपने पडोसी सुरेश के परिवार से झगड़ा हो गया था जिसमे सुरेश की तरफ से राजकुमार ओर उसकी पत्नी पर छत के ऊपर से ईट, पत्थर ओर गमले मारे गए थे, जिससे राजकुमार सिर मे गंभीर चोट आई थी जबकि उसकी पत्नी भी इस झगड़े मे घायल हुई थी स घायल राज. कुमार को जीटीबी अस्पताल के आईसीयू मे रखा गया था जहां 26 मार्च को उसकी मौत हो गयी स राज. कुमार के शव का 27 मार्च को पोस्टमार्टम हुआ जिसके बाद उसके परिजन ओर स्थानीय लोगों ने शव शिव विहार रोड पर रख कर वारदात मे शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी की मांग की, इस मामले मे पुलिस ने सुरेश नाम का व्यक्ति पकड़ा हुआ है। परिजन ओर स्थानीय लोग लोग स्थानीय विधायक के शिव विहार रोड पर स्थित कार्यालय के पास पहुंचे ओर शव रखकर प्रदर्शन शुरू करते हुए मांग की,कि वारदात मे शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाए जो आरोपी सुरेश के साथ थे।

मौके पर करीब 300-350 लोग जमा हो गए, जिसके बाद किसी अप्रिय घटना से बचाव के लिए दर्जनों पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, पुलिस द्वारा उनको लगातार आश्वासन दिया जा रहा था कि इस हत्या के जिम्मेदार किसी भी आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा, किन्तु प्रदर्शन कर रहे लोग उनकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

# बजट सत्र की कार्यवाही का जानबूझकर बहिष्कार किया विपक्ष ने: डॉ. पंकज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर, दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए प्रमुख कार्यवाहियों के दौरान विपक्ष की अनुपस्थिति की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सीएजी और पीएसी की रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के महत्व से अवगत होने के बावजूद, विपक्ष ने जानबूझकर भागीदारी नहीं की।

मंत्री ने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार गैर-जिम्मेदाराना है और लो. कतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अनुपस्थिति जानबूझकर थी, विशेष रूप से उन मुद्दों को देखते हुए जो चर्चा के दौरान सामने आने वाले थे, जिनमें 'शीशमहल' से जुड़े विषय भी शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की कार्यप्रणाली के केंद्र में हैं और सदन में प्रस्तुत तथ्य सार्वजनिक रूप से सामने आते रहेंगे।

सरकार के विकास एजेंडा को दोहराते हुए, मंत्री ने दिल्ली के स्वास्थ्य और परिवहन क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए बजट में किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

बजट 2026-27 में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए घ13,034 करोड़ और परिवहन क्षेत्र के लिए घ12,613 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं और आधुनिक, कुशल परिवहन प्रणाली के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### अवैध जुआ रैकेट का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के ऑपरेशंस सेल ने अवैध जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से कुल 36,050/- रुपये की दांव की रकम, एक फ्लेक्स चार्ट, 02 बॉल पेन, 2 नोट पैड, 01 कैलकुलेटर और 03 कार्बन बरामद किए है। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि जिले की ऑपरेशंस सेल,को संगठित अपराध के ठिकानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी (इनपुट) जुटाने के निर्देश दिए गए थे। इसी बीच 25 मार्च के दिन टीम को गुप्त सूचना मिली कि श्राजाश नाम का एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली कैंट रेलवे लाइन, के पास अवैध जुआ रैकेट चला रहा है।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भारत सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती का हार्दिक स्वागत करते हुए इसे आम जनता को राहत देने वाला एक जन हितैषी निर्णय बताया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति शृंखलाओं में बाधाओं के कारण दुनिया भर के देशों में महंगाई का दबाव देखा जा रहा है। ऐसे चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच भारत सरकार द्वारा लिया गया एक्साइज ड्यूटी घटाने का यह निर्णय यह दर्शाता है कि सरकार आम नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।सचदेवा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी का सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिलेगा। इससे रोजमर्रा के खर्चों में कमी आएगी, खासकर उन परिवारों को राहत मिलेगी जिनकी आय सीमित है। उन्होंने बताया कि परिवहन लागत घटने से फल, सब्जी, अनाज, दूध एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी नरमी आने की संभावना है, जिससे महंगाई पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। सचदेवा ने कहा कि किसान, छोटे व्यापारी, ऑटो-रिक्शा चालक, टैक्सी चालक, ट्रक ऑपरेटर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से जुड़े लाखों लोग इस निर्णय से विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

# इंडियन स्कूल्स कन्वेंशन का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में शिक्षा सुधार और समावेशी विकास की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP2020) को एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इसी संदर्भ में "राष्ट्रीय विकास के लिए स्कूली शिक्षा को सुदृढ़ बनाना" विषय पर नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में सेंटर फॉर नमो स्टडीज द्वारा इंडियन स्कूल्स कन्वेंशन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. ख्वाजा इफ्तिखार अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल शिक्षा सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक सद्भाव और विविधता के सम्मान का भी संदेश निहित है। वहीं, पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति इकबाल अहमद अंसारी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नीति के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का माध्यम बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में सेंटर फॉर नमो स्टडीज के सभापति प्रो. जसीम मोहम्मद ने सम्मेलन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह मंच देशभर के उन स्कूलों को पहचान देने के लिए है, जो मूल्य आधारित और समावेशी शिक्षा में योगदान दे रहे हैं।



सम्मेलन में स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी ने थिंक टैंक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके सशक्तिकरण पर बल दिया। विशिष्ट अतिथियों में माया कुलश्रेष्ठ, डॉ. फरीद चुगातई और डॉ. अपर्णा सिंह शामिल रहीं, जबकि सत्र की अध्यक्षता फिरोज बख्त अहमद ने की। इस अवसर पर फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, मुस्तकीम अहमद खान,इंजीनियर साजिद अली, एडवोकेट तनवीर, जावेद इकबाल, डॉ. मनीष धावड़े और डॉ. आमना मिर्जा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# सीएजी रिपोर्ट ने बड़े अनियमितताओं का किया खुलासा: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में पुरानी आबकारी नीति पर सीएजी की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विस्तृत और तीखा वक्तव्य दिया। उन्होंने इसे पूर्व सरकार, जिसका नेतृत्व अरविंद केजरीवाल कर रहे थे, द्वारा "सोच-समझकर बनाई गई नीति" बताया।



सिरसा ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट और पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) की टिप्पणियां यह दिखाती हैं कि कई विभागों में गड़बड़ियां हुईं, लेकिन आबकारी नीति सबसे बड़ा उदाहरण है। सिरसा ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट साफ बताती है कि यह कोई गलती नहीं थी, बल्कि जानबूझकर बनाई गई नीति थी। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली, लगभग हर विभाग में गड़बड़ियां सामने आई हैं, लेकिन आबकारी नीति सबसे बड़ा घोटाला है,। मंत्री ने बताया कि सीएजी रिपोर्ट के अनुसार 17 नवंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 के बीच दिल्ली को लगभग घ2,000 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ।यह नीति कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई थी। पूरी प्रक्रिया को दरकिनार कर इसे लागू किया गया।

सिरसा ने नीति में किए गए बदलावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक खुला बाजार खत्म करके इसे कार्टेल में बदल दिया गया। यह बाजार पर कब्जा करने की साजिश थी," मंत्री ने लाइसेंस देने की प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाए:। उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों की आमदनी बहुत कम थी, जिनका कोई मुनाफा नहीं था, यहां तक कि जिनकी नेट वर्थ भी नेगेटिव थी, उन्हें भी बड़े-बड़े जोन दे दिए गए। यह सभी नियमों के खिलाफ है।" उन्होंने कहा कि कई ऐसी कंपनियों को भी काम दिया गया, जिन्होंने पहले कभी मुनाफा नहीं दिखाया या घाटे में चल रही थीं। सिरसा ने कोविड के दौरान 144 करोड़ की लाइसेंस फीस माफ करने के फैसले की आलोचना की। यह जनता का पैसा है। अधिकारियों के मना करने के बावजूद इतनी बड़ी रकम माफ करना, यह बताता है कि इरादा क्या था। इसी का नतीजा था की ज्यादा बिक्री के बावजूद सरकार को नुकसान उठाना पड़ा।" उन्होंने यह भी बताया कि नॉन-कन्फॉर्मिंग क्षेत्रों में दुक. ानें न खुलने के कारण 900 करोड़ से अधिक की राहत दी गई।

### जीवन बीमा कंपनियों ने भुगतान किया

**नई दिल्ली।** भारत का जीवन बीमा क्षेत्र परिवारों की सुरक्षा और दीर्घकालिक वित्तीय नियोजन का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नवीनतम आईआर डीएआई वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल लाभ के रूप में 6.30 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) के चेयरपर्सन कमलेश राव ने जीवन बीमाकर्ताओं के व्यावसायिक दर्शन की व्याख्या करते हुए कहा, भारत की जीवन बीमा कंपनियों का काम करने का तरीका-जैसा कि उनकी निरंतरता, भुगतान और वित्तीय मजबूती के आंकड़ों से पता चलता है। यह साबित करता है कि जीवन बीमा परिवार के लिए एक 'पैसे के गुल्लक की तरह है।

# लैक्मेफैशन वीक में बिखेरा जलवा




**गाजियाबाद।** दो दशकों के सफर, लाखों वॉर्डरोब का हिस्सा बनने औरअनगिनत स्टाइल पलों को रचने के बाद, मैक्स फैशन ने अपनी 20वीं सालगिरह को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित रनवे, 'लैक्मे फैशन वीक' पर मैक्स ने महज एक शो ही नहीं, बल्कि एक शानदार फैशन पार्टी पेश की। मंच पर तीन चमकते सितारो- कल्कि कोचलिन, सिद्धांत चतुर्वेदी और अलाया एफख्र की मौजूदगी ने ऊर्जा को दोगुना कर दिया। तीनअलग अंदाज, लेकिन संद. ेश एक-'फैशन सबके लिए'। शो की शुरुआत बेहद रोमांचक रही,जब सिद्धांत चतुर्वेदी ने रनवे पर कदम रखा और माहौल कोएक शानदार परफॉर्मेंस में बदल दिया। जैसे ही म्यूजिक की बीट्स तेज हुई और लाइट्स के रंग बदले, सिद्धांत अपने सिग्नेचर स्वैगर और बेफिक्र अंदाज के साथ मंच पर छा गए। उन्होंने मैक्स के 'अर्बन सेगमेंट' के लिए एक दमदार आधार तैयार कर दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जनपद में डीजल, पेट्रोल और सीएनजी का पर्याप्त भण्डार: डीएम

■ सोशल मीडिया/ व्यक्तियों आदि द्वारा डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी की कमी सम्बन्धित झूठा एवं भ्रामक दुष्प्रचार ना करें। समस्त पेट्रोल पंप संचालक नो हेलमेट नो फ्यूल का अनुपालन करें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद में डीजल, पेट्रोल व सीएनजी का पर्याप्त भण्डार है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिलापूर्ति अधिकारी की उपस्थिति में समस्त कंपनियों के सेल्स ऑफिसर के साथ बैठक आहूत की गई। सभी कंपनी के सेल्स आफिसर से अलग-अलग जिलाधिकारी द्वारा डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी स्टॉक की सूचना मांगी गयी।

सभी सेल्स ऑफिसर ने अलग-अलग पुष्टि की जनपद में कोई भी पम्प ड्राई नहीं है एवं जनपद गाजियाबाद में डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। जिलाधिकारी द्वारा सभी जनपद वासियों से अपील की जाती है कि कोई भी अपने पास डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी का अनावश्यक स्टॉक ना करें। किसी भी पेट्रोल पम्प पर अनाश्यक भीड़ न लगायें।

सोशल मीडिया/ व्यक्तियों आदि द्वारा डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी की कमी सम्बन्धित झूठा एवं भ्रामक दुष्प्रचार ना करें। समस्त पेट्रोल पंप संचालक नो हेलमेट नो फ्यूल का अनुपालन करें। कोई भी पंप संचालक खुले पात्र में डीजल/ पेट्रोल की बिक्री न करें। आपूर्ति विभाग की टीम प्रत्येक तहसील/ क्षेत्र में प्रगतिमान है एवं जगह-जगह पर छापेमारी कर रही है।

अनावश्यक डीजल/पेट्रोल एकत्र करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सभी उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्वयं एवं अन्य कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/ पूर्ति निरीक्षक के साथ निरंतर रूप से भ्रमणशील रहकर यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं पर भी डीजल/ पेट्रोल/ सीएनजी का अनाधिकृत रूप से भण्डारण/ डायवर्जन/ कालाबाजारी न हो।

# एचएलएम कॉलेज को मिला 'स्मार्ट कैंपस इनिशिएटिव एक्सीलेंस अवार्ड 2026'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बीडब्ल्यू एजुकेशन (बीडब्ल्यू बिजनेसवर्ल्ड) द्वारा आयोजित इंडिया स्मार्ट यूनिवर्सिटी कॉन्क्लेव और अवाड्र्स में एचएलएम कॉलेज को प्रतिष्ठित स्मार्ट कैंपस इनिशिएटिव एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित होटल ईरोस मे बी डब्लू ग्रुप के एडिटर इन चीफ डॉक्टर अनुराग बत्रा ने एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के ग्रुप डायरेक्टर डॉक्टर अनुज अग्रवाल को यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान किया। इंडिया स्मार्ट यूनिवर्सिटी कॉन्क्लेव और अवाड्र्स 2026 एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच है जो अग्रणी शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ लाता है ताकि डिजिटल परिवर्तन, नवाचार और प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से उच्च शिक्षा के भविष्य की पुनर्कल्पना की जा सके। इस अवसर पर संस्था के ग्रुप डायरेक्टर डॉक्टर अनुज अग्रवाल ने कहा यह एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन निरंतर छात्रों को



गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है वह सम्मान शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार की दिशा में एचएलएम कॉलेज ये उत्कृष्ट योगदान की एक पहचान है। एच एल एम ग्रुप भविष्य में भी छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा व उत्तम रोजगार प्रदान करने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर डॉक्टर धीरज शर्मा, डॉक्टर मोहित जिंदल, डॉक्टर अरुण गोयल डॉक्टर विनीता शर्मा, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर श्रुति कसाना, शिवानी शर्मा मलिका चौधरी आदि उपस्थित थे।

# रामनवमी के पावन अवसर पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** रामनवमी के पावन दिवस पर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने परिवार सहित साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट-4 स्थित दुर्गा मंदिर पर हवन - पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर सचिन चौधरी सचिव, महानगर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा संदीप चौधरी, इंद्रवीर सिंह, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आर्यसमाज अवन्तिका में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आर्य समाज अवंतिका, यज्ञ योग कार्यशाला, दयानन्द पार्क में राम नवमी पर्व हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।आचार्या सुलभा शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ हुआ जिसमे मुख्य यज्ञमान सविता सिंह, राजपाल सिंह, उषा तोमर,वेद प्रकाश तोमर आदि रहे। वेद पाठ गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों जाग्रति आर्या एवं हेमलता आर्या ने किया।

आचार्या सुलभा शास्त्री द्वारा श्रीराम महिमा के ष्मेरे राम के गीत गाकर के देखोष आदि मनमोहक भजनों की प्रस्तुति की गई जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। यज्ञ की ब्रह्मा एवं मुख्य वक्ता आचार्या सुलभा शास्त्री ने रामनवमी की




शुभकामनायें देते हुए कहा कि पर्व जीवन में पूर्णता लाता है।दशरथ नंदन श्रीराम अत्यन्त अदभुत सर्वगुणसंपन्न हैं।

आर्य केन्द्रीय सभा के अध्यक्ष सत्यवीर चौधरी ने आगामी कार्यक्रमों की सूचना दी। संचालन करते हुए यशस्वी प्रधान वेद प्रकाश तोमर ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में विघटन भाइयों के परिवारों में संपत्ति के वर्चस्व के लिए लड़ाई झगडे से केवल भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही मुक्ति पाई जा सकती है।

उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने के लिये अवंतिका की सारी टीम मंत्री सुरेंद्र सिंह,देवेंद्र तोमर,एसपी सिंहष्,सुमन जिंदल, सतीश आर्य, आदित्य वर्मा आदि सभी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री आर्य नरेन्द्र पांचाल, डा वीरेन्द्र नाथ सरदाना, डा प्रमोद सक्सेना, सुभाष शर्मा, मनोज त्यागी, आशा आर्या, कविता राठी, ज्ञान प्रभा बंसल, रेखा गर्ग, कृपाल सिंह, महिपाल सिंह, संजीव आर्य, प्रवीण आर्य एवं त्रिलोक शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने के आरोपी को पकड़कर जेल भेजा, बाइक बरामद



**गाजियाबाद।** थाना खोड़ा पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सहिब पुत्र शहजाद निवासी लोकप्रिय विहार ने खोड़ा से कुछ दिन पहले एक बाइक चोरी की थी। इस संबंध में वादी नितेश कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी साहिब को कब्रिस्तान वाली रोड से उक्त मोटर साइकिल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में साहिब ने बताया है कि उसने कुछ दिन पहले खोड़ा में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी चोरी की गई मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में था।

# महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने किया कृष्ण कथा ज्ञान गंगा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर में तीन दिवसीय कृष्ण कथा ज्ञान गंगा का विधि विधान से शुभ आरम्भ किया गया। प्रथम दिन कथा व्यास ने कृष्ण व राम कथा का सुंदर वर्णन किया। शुक्रवार को हापुड़ रोड स्थित एवीएस गार्डन में तीन दिवसीय कृष्ण कथा ज्ञान गंगा का शुभ आरम्भ सम्पूर्ण विधि विधान से किया गया।

कथा के प्रथम दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति (राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी आयोग) ने कृष्ण व राम कथा का के पात्रों की लीलाओं का सुन्दर वर्णन किया कथा व्यास साध्वी निरंजन ज्योति के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर उपस्थित श्रद्धालुगण भाव विभोर हो गए।

कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को कभी घमंड और क्रोध नहीं करना चाहिए ये दोनों ही मनुष्य के पतन के कारण बनते हैं और



मानव दूरतगति को प्राप्त होकर नरक का भोगी बनता है। कथा स्थल पहुँचने पर कथा के आयोजकों द्वारा साध्वी निरंजन ज्योति का पुष्पगुन्छ भेंट कर व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। बता दें कि ऑल इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया एसोसिएशन, सर्च आउट फाउंडेशन एवं सहयोग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कृष्ण कथा ज्ञान गंगा एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में शिरकत कर धर्म लाभ उठाने वालों में मुख्य रूप से डॉ मंजू शिवाच विधायक मोदीनगर मूल चंद गर्ग योगेश गौड़, नगेन्द्र कश्यप, संजीव चिकारा एडवोकेट सतीश अग्रवाल अमित गर्ग हरेंद्र शर्मा, राजपाल त्यागी, डॉ आर के शर्मा डॉ श्रवण शर्मा सुरेंद्र गुप्ता दीपांशु त्यागी मंजीत कश्यप संदीप चौधरी नरेंद्र सिंह आर्यन प्रताप सिंह,महेंद्र सिंह लाला राम बापू पिंकी चौधरी डॉ अनिला आर्या गौरव शर्मा स्वाति त्यागी ब्रजलता संजय चौधरी भदोला अनिल कश्यप दीपा वर्मा सुमित गुप्ता साबुन वाले कुसुम निगम प्रवीण शर्मा आदि रहे।



**मोदीनगर। शुक्रवार को कृष्ण कथा हेतु मोदीनगर आई महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ( दर्जा प्राप्त केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ) का अपने निवाड़ी स्थित आवास पर समर्थकों समेत भव्य स्वागत कर आशीर्वाद लेते नगर पंचायत निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी।**

# मोदीनगर के किसानों की समस्याओं पर गन्ना सहकारी समिति की बैठक आयोजित, बजट प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मोदीनगर द्वारा शुक्रवार को वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बजट प्रस्तावों को स्वीकृत कराने के साथ-साथ गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समस्याओं को खुलकर समिति के समक्ष रखा।

किसानों ने गन्ने के भुगतान में हो रही देरी, खाद की उपलब्धता और कृषि यंत्रों की कमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा समिति की दुकानों से जुड़े विषयों, जैसे किराया और वहां उपलब्ध सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने दुकानों में बेहतर व्यवस्थाएं और उचित दरों की मांग रखी। समिति के अध्यक्ष राजन चौधरी ने किसानों की समस्याओं को



गंभीरता से सुनते हुए उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही खाद की पर्याप्त उपलब्धता और आधुनिक कृषि यंत्रों की व्यवस्था भी जल्द कराई जाएगी। बैठक में सचिव आर.बी. अंबेडकर, लोक दल गन्ना समिति के दिल्ली गेट सदस्य तेजवीर चौधरी सहित सभी डायरेक्टरख्लोकेंद्र चौधरी, पामेश त्यागी, बबलू चौधरी, अंकुश चौधरी, उत्तम त्यागी, मूलचंद, सतवीर प्रधान, तेजवीर डबाना, वीर सेन चौधरी और विनय त्यागी-उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण की मार्गदर्शिका है नई शिक्षा नीति: प्रो. अखिलेश मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एम.एम.एच कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी का आयोजन नई शिक्षा नीति-2020: अवसर और चुनौतियाँ विषय पर किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अथिति एन.आई.ओ.एस के चेयरमैन प्रो. अखिलेश मिश्रा ने संगोष्टी के विशिष्ट वक्ता इंदिरा गाँधी खुला विश्व विधालय में राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर सतीश कुमार ने महाविधालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह और प्रबंध समिति के सचिव अभिनव कृष्णा के साथ ऑडोटोरियम में माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्टी का विधिवत शुभारंभ किया।




मुख्य वक्ता प्रो. शांतेश् सिंह और महाविधालय के डीन भी उद्घाटन सत्र में मंचसीन रहे। प्राचार्य जी ने स्वागत भाषण के साथ सभी अथितियों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात सभी मंचासीन अथितियों को साल भेट कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ मंजू भास्कर जी ने किया। प्रो. रोजी मिश्रा ने सभी अथितियों का मंच से परिचय कराया। संगोष्ठी की संयोजक डॉ रश्मि सिंह ने संगोष्ठी विषय पर सभागार में विषय को सबके सामने प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के मुख्य अथिति प्रो. अखिलेश मिश्रा ने कहा कि किसी देश की शिक्षा नीति, उस राष्ट्र के निर्माण की धूरी होती हैं। नयी सदी के लिए मार्ग-दर्शिका का काम करेगी, नई शिक्षा नीति। विशिष्ट वक्ता प्रो. सतीश कुमार ने देश की नई शिक्षा नीति को विकसित भारत के लिए आवश्यक बताया। राष्ट्रीय संगोष्टी के की-नोट स्पीकर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ शांतेश् सिंह ने अपने व्याख्यान को नई शिक्षा नीति से उभरने वाले अवसरों पर केंद्रित रखा। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि शिक्षा को अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के साथ विज्ञान और तकनीक को अपना आधार बनाना होगा। संगोष्ठी के आर्गेनाइजिंग कमेटी के सचिव प्रो. अल्का व्यास, हरिदत्त शर्मा व डॉ. राजपाल त्यागी, कालेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आर.एस.यादव, डीन आफ कालेज प्रो. प्रकाश चौधरी सहित सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# 24 घंटे में चोरी की दूसरी बड़ी वारदात शटर तोड़कर दुकान से उड़ाए 10 लाख के मोबाइल

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में हुई सुंदर की दुकान में चोरी को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि बैकअप चोरों ने ऐसी ही एक और चोरी को अंजाम दे कर पुलिस सिस्टम को चुनौती दे डाली। मामला वेव सिटी थाना क्षेत्र का है जहां देर रात चोरों ने शटर उखाड़कर लाखों रुपये की चोरी कर ली। कैश और 10 लाख रुपये के मोबाइल ले उड़े। सुबह जब दुक. ानदार मौके पर पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई।

सूचना पर डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि पूरे सामान की लिस्ट बनाकर थाने में चोरी की तहरीर दी जाएगी। वेवसिटी थाना क्षेत्र के डासना काठ पुलिया स्थित यूनिक मोबाइल स्मिथ के नाम से शॉप है। गुरुवार देर रात चोरों ने शटर उखाड़कर लाखों रुपये के मोबाइल और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता आज सुबह दुक. ानदार को लगा। जब वह दुकान खोलने पहुंचे, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच



शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

# आईटीएस में मेरीटोरियस अवॉर्ड एंड फेलिसिटेशन सेरेमनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस द्वारा ब सत्र (2024- 26 तथा 2025-27) पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए ष्मेरीटोरियस अवॉर्ड एंड फेलिसिटेशन सेरेमनीष का आयोजन संस्थान के द्रोणाचार्य प्रेक्षागृह में किया गया। समारोह का प्रारम्भ आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक (पी आर), सुरेन्द्र सूद, विशिष्ट अतिथि JBM समूह के वरिष्ठ एक्सक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट एवं ग्रुप सी आई तथा डीपीओ रंगनाथन वी अय्यर, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के डॉ रितेश कुमार, संस्थान के निर्देशक डॉ सुनील कुमार पांडेय और एम बी ए के चेयर पर्सन डॉ संजीव टंडन द्वारा मां सरस्वती के



समक्ष परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर आई टी एस -द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की तथा सभी छात्रों को अपनी शुभकामनाए दी। आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुरेन्द्र सूद ने छात्रों का विशिष्ट उपलब्धि हेतु छात्रों का मार्ग दर्शन किया अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया।

निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे ने इस प्रकार के आयोजन पर प्रकाश डाला। चेयरपर्सन डॉ संजीव टंडन ने छात्रों को बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि डॉ रितेश कुमार ने एजुकेशन एक्सीलेंस एवं वैल्यू ओरिएंटेशन पर छात्रों का ध्यान आकर्षित किया साथ ही आधुनिक प्रतियोगिता पूर्ण माहौल में सफल होने हेतु मार्गदर्शन किया। रंगनाथन वी अय्यर ने आधुनिक परिवेश में टेक्नोलॉजी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी शिक्षा से सुसज्जित होकर अपने कौशल विकास का मार्ग प्रशस्त करने की आवश्यकता है।

# नशा मुक्ति केन्द्र में गाली दी तो चाकू गोदकर कर दी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में गाली देने का बदला लेने के लिये युवक की चाकू गोदकर हत्या करने की वारदात में शामिल एक आरोपी अरुण जोशी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने वारदात वाली जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लेकर कुछ लोगों के बयान भी दर्ज किये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वीरवार को हिरंकी के कश्मीरी कॉलोनी इलाके में स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में अरुण कुमार नामक युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। परिसर में खून बिखरा हुआ था। क्राइम और फॉरेंसिक टीम ने सबूत इक्ट्ठा किये। पता चला कि घायल अरुण को नजदीक के बुराड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने अरुण को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। एसीपी शैलेन्द्र शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर विवेक के निर्देशन में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। शुरूआती जांच में पता चला कि अरुण कुमार एक गरीब परिवार से था और उसके पिता रिक्शा चालक थे। उसके परिवार के अनुसार, वह अपनी किशोरावस्था में ही नशे का आदी हो गया था।

इसलिए, उसे एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। आरोपी अरुण जोशी को केन्द्र से ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से चाकू भी जब्त कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ दिन पहले उन दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। कहासुनी के दौरान, कथित तौर पर मृतक ने आरोपी को गाली-गलौज की थी, और इसी का बदला लेने के लिए आरोपी ने यह कदम उठाया।

2019 में, आरोपी अरुण ने रोहिणी में स्थित एक संस्थान से केमिकल इंजीनियरिंग पूरी की है। उसके पिता उनके घर के पास ही किराए की एक मेडिकल दुकान चलाते हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी को 2015 में अपने कॉलेज के दिनों से ही गांजा/भांग पीने की लत लग गई थी। लगभग 9 महीने पहले उसे इलाज और पुनर्वास के लिए हिरांकी स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था।

## पुराने झगड़े में युवक पर जानलेवा हमला, पांच नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके एक नाबालिग का इलाके में ही रहने वाले ऋषभ से झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए उसने अपने चार अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर ऋषभ पर चाकू और कुल्हाड़ी से जानलेवा किया। हालांकि पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर पांचों नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया है। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल दो चाकू और कुल्हाड़ी बरामद हुआ है। नॉर्थ वेस्ट जिले की डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि 24 मार्च को जहांगीर पुरी पुलिस को बीजेआरएम अस्पताल से सूचना मिली थी कि जहांगीरपुरी निवासी ऋषभ को चाकू लगने से घायल अवस्था में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस वाले बीजेआरएम अस्पताल पहुंचा, जहां घायल का इलाज चल रहा था। जांच में पता चला कि उसी दिन सुबह लगभग 4:00 बजे के-ब्लॉक, जहांगीर पुरी में घायल का एक सीसीएल के साथ झगड़ा हुआ था, जिसे उस समय शांत करा दिया गया था।बाद में जब घायल अपनी स्कूटी से गैस एजेंसी, भलस्वा, जहांगीर पुरी के पास जा रहे थे। तभी पांचों नाबालिग ने उन्हें घेर लिया। उसके बाद पीड़ित पर चाकू व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। तब हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। उसके बाद कई ठिकानों पर छापेमारी कर पांचों आरोपियों को पकड़ लिया गया। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल दो चाकू और एक कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया गया।

## सोनिया गांधी के स्वास्थ्य में सुधार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। उनके डॉक्टरों ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें एक-दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

# लाल किला ब्लास्ट मामले में एनआईए ने मांगा समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत के समक्ष लाल किला बम धमाका मामले की सुनवाई हुई। मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने अदालत से नए सुरागों की पड़ताल के लिए 45 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि आरोपितों के डिजिटल उपकरणों से मिली अरबी सामग्री की व्याख्या के लिए जामिया मिलिया इस्लामिया के विशेषज्ञ की मदद ली जा रही है।

एनआइए के अनुसार, इस मामले में एक बड़े साजिश नेटवर्क के संकेत मिले हैं, जिसकी गहन जांच जारी है। एजेंसी ने कहा कि आरोपितों की न्यायिक हिरासत जरूरी है ताकि उनके डिजिटल डिवाइस से मिले कंटेंट का सही विश्लेषण और सामना कराया जा सके।इस सामग्री में जिहादी विचारधारा को बढ़ावा देने और घरेलू सामान व रसायनों से बम बनाने से जुड़े दस्तावेज शामिल हैं।

जांच के दौरान एजेंसी ने करीब पांच टीबी डाटा बरामद किया है, जिसे भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी-इन), सीएफएसएल और डीएफएसएस को जांच के लिए भेजा गया है। इस डाटा में वीडियो, आवाज के नमूने, कट्टरपंथी साहित्य और हस्तलिखित नोट्स शामिल हैं, जिनसे कई अहम सुराग मिले हैं।

एनआइए ने कोर्ट को यह भी बताया कि जम्मू-कश्मीर में नौ ठिकानों पर छापेमारी की गई, जहां से कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। इनकी फारेंसिक जांच अभी जारी है।

## लिवाइस कंपनी का नकली यूनिट का भंडाफोड़, 3 धरे

**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट जिले की डीआईयू की टीम ने रामपुरा इलाके में चल रहे एक नकली लिवाइस कंपनी यूनिट का भंडाफोड़ कर ट्रेडमार्क उल्लंघन करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से 1400 से अधिक नकली लिवाइस जींस सिलाई मशीनें तथा बड़ी मात्रा में नकली सामग्री बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोल्डन पार्क, रामपुरा, निवासी प्रमोद यादव (41) भाग्य विहार,रानी खेड़ा निवासी अमर प्रसाद(43) और मुकेश कुमार (23) के तौर पर हुई है। नॉर्थ वेस्ट जिले की डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि उत्पाद बनाने व बेचने के संबंध में शिकायत मिली थी। अपराध की गंभीरता को देखते हुए टीम बनाई गई और 25 मार्च को रामपुरा गांव में छापेमारी कर मौके से 3 आरोपियों प्रमोद यादव,अमर प्रसाद तथा मुकेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुरानी दुश्मनी के चलते हुई हत्या, चार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के न्यू उस्मानपुर थाने की टीम ने हत्या का मामला सुलझाकर चार सीसीएल को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए दो चाकू बरामद किए है। आरोपियों की मृतक के साथ पुरानी दुश्मनी थी।

दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 25.मार्च को, सुबह , न्यू उस्मानपुर थाने को एक शव के बारे में जानकारी मिली। अस्पताल के पास डीडीए पार्क में घटनास्थल पर पहुँचने पर, एक नाबालिग मृत अवस्था में पड़ा मिला, जिसकी पहचान बाद में जैद (17) के रूप में हुई। इसके बाद न्यू उस्मानपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी सीलमपुर अजय कुमार की देखरेख में एसएचओ न्यू उस्मानपुर राजेंदर कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की गई। जाँच के दौरान, टीम ने विभिन्न स्रोतों से सबूत इकट्ठा किए। इकट्ठा किए गए सुरागों के आधार पर, टीम ने 15 से 17 वर्ष की आयु के चार सीसीएल को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने अपराध करने की बात स्वीकार की और बताया कि मृतक के साथ उनकी पुरानी दुश्मनी थी। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर, अपराध में इस्तेमाल किए गए दो चाकू बरामद किए गए।



दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

# सर्वसम्मति से पारित हुआ 'ग्रीन' बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व सरकार की आर्थिक नाकामियों का कच्चा चिट्ठा खोला।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार दिल्ली पर करोड़ों रुपये का कर्ज छोड़ गई है, जिसे मौजूदा सरकार अपने प्रयासों से संभाल रही है। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि अब दिल्ली में बहानों की नहीं, परिणामों की राजनीति होगी। यह नई सरकार और नई सोच का दौर है, जहां काम पर जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अब अधूरे काम पूरे किए जाएंगे, हर रुपये का सही हिसाब रखा जाएगा और हर नागरिक को उसका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब टकराव की जगह बदलाव पर ध्यान होगा और राजनीति की बजाय परफॉर्मेंस को प्राथमिकता दी जाएगी। दिल्ली अब रुकने वाली नहीं है, बल्कि तेजी से आगे बढ़ेगी और देश के लिए एक उदाहरण बनेगी।

मुख्यमंत्री ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा कैपिटल एक्सपेंडिचर वाला बजट है, जो केवल मुफ्त योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली में वास्तविक विकास सुनिश्चित करने का संकल्प है। सरकार ने पिछले वर्ष भी पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता दी थी और इस वर्ष उसे और बढ़ाकर गवर्नेंस में ठोस बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें सदन में अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया, लेकिन उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान नहीं किया और सड़क पर बैठना उचित समझा। जब किसी को सदन की मर्यादा का अनुभव ही नहीं होता तो उस पर कुछ कहना व्यर्थ है। विपक्ष के पास जब ठोस मुद्दे नहीं थे तो उन्होंने असंगत और भ्रामक मुद्दे उठाए, यहां तक कि ऐसे लोग भी बोले जिनका सदन में कोई अधिकार नहीं था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि लोन को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि 1999 से ही सरकारें ऋण लेती रही हैं। उस समय भी हजारों करोड़ रुपये के लोन लिए गए थे और पूर्व सरकार के कार्यकाल में भी हर वर्ष ऋण लिया गया, वह भी अधिक ब्याज दरों पर।

# तीन शातिर वाहन चोरों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दस चोरी के वाहन बरामद किए है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि इलाके में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर महेश कसाना के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ की टीम को सक्रिय वाहन चोरों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने का काम सौंपा गया था।

गश्त के दौरान टीम ने कड़कड़डूमा कोर्ट के पास बाइक चला रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। रोके जाने पर उस व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की। हालाँकि, गश्ती टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया।प्राथमिक जाँच करने पर, पता चला कि यह बाइक न्यू उस्मानपुर, थाने के तहत दर्ज वाहन चोरी के एक मामले से जुड़ी थी। इसके बाद आरोपी नावेद (25) को गिरफ्तार कर लिया।आगे की जाँच के बाद दो आरोपी नईम,(25) और राज तिलक (26) को भी गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने उनके पास से कुल दस चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए। जांच से पता चला कि ये वाहन दिल्ली के अलग-अलग पुलिस थाना क्षेत्रों से चोरी किए गए थे।, आरोपियों ने बताया कि नशे की लत और आमदनी का कोई पक्का जरिया न होने के कारण, उन्होंने दोपहिया वाहन चुराना शुरू कर दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि वे उन वाहनों को निशाना बनाते थे जो कहीं खड़े होते थे और जिनके पास कोई नहीं होता था।

## केशव पुरम इलाके में घर में लगी आग पांच झुलसे

**नई दिल्ली।** सुबह केशव पुरम पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनाज मंडी में स्थित एक घर में आग लग गई। आग लगने की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलते ही आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां और केशव पुरम पुलिस थाने की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम किया।

# कमर्शियल एलपीजी आपूर्ति का आवंटन 70 प्रतिशत तक बढ़ाया : सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद, दिल्ली सरकार ने कमर्शियल एलपीजी आवंटन में संशोधन करते हुए कल के 50% फैसले के अतिरिक्त 20% की बढ़ोतरी की है। इससे अब कुल आपूर्ति पहले के स्तर के 70% तक पहुंच गई है (प्रतिदिन 19 किलो के 6,300 सिलेंडर, जबकि सामान्यत: 9,000 सिलेंडर की खपत होती है)।

होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी और मजदूरों व छात्रों के लिए 5 किलो सिलेंडर की पर्याप्त व्यवस्था करने के बाद, श्रम आधारित उद्योगों जैसे स्टील, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल (ड्राई क्लीनिंग सहित), केमिकल, प्लास्टिक, स्पोर्ट्स फैसिलिटी, ग्लास और फार्मा यूनिट्स, के लिए आपूर्ति बढ़ाकर 1,800 सिलेंडर कर दी गई है। खासतौर पर उन उद्योगों को प्राथमिकता दी गई है जहां पीएनजी का विकल्प उपलब्ध नहीं है।

संशोधित आवंटन में अलग-अलग सेक्टर को इस प्रकार हिस्सा दिया गया है: होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, फूड प्रोसेसिंग और डेयरी (3,375 सिलेंडर), उद्योग (1,800), आवश्यक सेवाएं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे, एयरपोर्ट और बस सेवा (225), कैटरर/बैंक्वेट (225), सरकारी संस्थान, ट्रस्ट, पीएसयू और कम्युनिटी किचन (225); स्पोर्ट्स फैसिलिटी/ स्टेडियम (270); तथा प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो सिलेंडर (180)।खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, कि "दिल्ली के उद्योग और खाने-पीने से जुड़े व्यवसाय अब बिना किसी रुकावट के काम कर सकते हैं। 70% आपूर्ति तक पहुंचना केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय का परिणाम है।"लगातार निगरानी में यह पाया गया है कि कहीं भी जमाखोरी या पैनिक की स्थिति नहीं है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार बुकिंग सामान्य तरीके से हो रही है।यह फैसला पिछले 50% आपूर्ति बढ़ाने के बाद लिया गया है, जिसमें आवश्यक सेवाओं को पूरी आपूर्ति दी गई थी और प्राथमिकता के आधार पर बुकिंग की व्यवस्था लागू की गई थी।

## बवाना मर्डर में टिल्लू का शूटर दो हजार किलोमीटर पीछा करने के बाद पकड़ा

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में बीते 19 मार्च को बाइक सवार बदमाशों ने रवि भारद्वाज की गोली मारकर हत्या और उसके पिता,भाई के सात साल के बच्चे और पड़ोसी को भी गोली मारकर घायल कर दिया था। वारदात में शामिल गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया के शूटर आकाश उर्फ बिट्टू उर्फ खुद्दी का दो हजार किलोमीटर दूर तक पीछा करने के बाद बिहार के खोदाबंदपुर, जिला बेगूसराय इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके बाकी साथियों और हथियारों के नेटवर्क के बारे में भी पता कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 19 मार्च की शाम पांच बजकर 26 मिनट पर बवाना पुलिस को हरेवाली गांव में चार लोगों को गोली मारने की दो पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि कुछ बाइक सवारों ने उनके परिवार के एक सदस्यों पर गोली चलाई है और वे उसे पूठ खुर्द स्थित अस्पताल ले जा रहे हैं। पुलिस अस्पताल और वारदात वाली जगह पर पहुंची। पता चला कि तीन आरोपी एक मोटरसाइकिल पर आए थे और उन्होंने दुकान पर बैठे रवि भारद्वाज पर कई राउंड फायरिंग की थी। उनके पास बैठे उनके पिता राजकुमार, सात साल के बच्चे और एक पड़ोसी जो सामान लेने आया था। उनको गोली मार दी थी। वारदात के बाद आरोपी हरियाणा की तरफ बाइक से फरार हो गए थे। क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से मौके पर से सबूत इक्ट्ठा किये। जिसमें करीब डेढ दर्ज के कारतूस के खोल जब्त किये। पुलिस ने मामला दर्ज किया। रवि भारद्वाज के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर गौरव चौधरी के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।



दिल्ली पुलिस ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेली मैटिक्स के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए इस अवसर पर इस अवसर पर, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा व सी-डॉट- के सीईओ डॉ. राज कुमार उपाध्याय मौजूद थे।

# दिल्ली पुलिस ने टेली मैटिक्स के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तकनीक-आधारित पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, दिल्ली पुलिस ने भारत सरकार के तहत एक प्रमुख टेलीकॉम संगठन, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट )के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस सहयोग का मकसद सी-डॉट द्वारा विकसित स्वदेशी, सुरक्षित और विस्तार योग्य तकनीकी समाधानों का लाभ उठाकर दिल्ली पुलिस की परिचालन दक्षता, सुरक्षित संचार, निगरानी, साइबर सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाना है।-सी-डॉट ने कई उन्नत एप्लिकेशन विकसित किए हैं जिनमें आधुनिक पुलिसिंसी-डॉटग के लिए अपार क्षमता है। इस अवसर पर, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और सी-डॉट- के सीईओ डॉ. राज कुमार उपाध्याय ने शिखा श्रीवास्तव के साथ मिलकर, पुलिसिंग क्षमताओं को मजबूत करने के लिए स्वदेशी और उन्नत तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने की अपनी साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सहयोग परिचालन दक्षता बढ़ाने, सुरक्षित संचार सुनिश्चित करने और दिल्ली में एक मजबूत, प्रौद्योगिकी-संचालित पुलिसिंग इकोसिस्टम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह साझेदारी बेहतर सार्वजनिक सुरक्षा और प्रभावी कानून प्रवर्तन के लिए नवाचार को अपनाने की दिशा में एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाती है।

# संस्कार आश्रम में सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के पौषण अभियान के तहत दिलशाद गार्डन स्थित संस्कार आश्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के उत्तर पूर्वी जिला ने सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किया स इसमें मुख्य रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव डा. रश्मि सिंह व एडीएम कमलेश कुमार, जिला अधिकारी हूमरा खालिद मौजूद रहीं। भारतीय परम्परा के अनुसार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई ओर उन्हें उपहार दिए गए। रीति रिवाज के अनुसार कन्या पूजन भी किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक व्यंजनों समेत कई तरह की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए प्रोत्साहित किया गया। सचिव डा. रश्मि सिंह ने कहा कि



बेटियां परिवार का गौरव होती हैं। बेटी देवी मां का रूप होती हैं। जिस घर में बेटियों का आगमन होता है वह खुशियों से भर जाता है। उन्होंने गर्भवतियों से कहा कि वह पौष्टिक आहार का सेवन करें। तनाव मुक्त रहें। अस्पताल जाकर समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं। एडीएम कमलेश कुमार ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। मोटे अनाज से बनी खाद्य सामग्री खानी चाहिए, उसमें पौष्टिक अधिक होता है।

# यूपी-बिहार व बंगाल के प्रवासी एलपीजी की कमी से त्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, जैसे राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में आए लोगों पर गैस संकट से खाने पर भी संकट छा गया है। प्रवासी किसी तरह अपने गांव लौटने को बेताब दिख रहे हैं।

बिहार निवासी जावेद शेख ने बताया कि बाजारों में एक किलो गैस भरने के लिए 600 से 800 रुपये मांगते हैं। रोजगार खत्म होने की वजह से उनके सामने हालात इतने बदतर हो गए कि घर का किराया तक जुटाना मुश्किल हो गया। इस स्थिति में अपने गांव लौटना ही ठीक समझा। उत्तर प्रदेश के जितेंद्र ने बताया कि दिल्ली में रहकर पहले से ही दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे थे। अब गैस की किल्लत और कालाबाजारी ने उसकी कमर तोड़ दी।दिल्ली में एलपीजी गैस संकट का सामना कर रहे पश्चिम बंगाल के लोगों में वापसी का दूसरी वजह भी देखी गई। उनका कहना था कि दिल्ली में खाने के लाले पड़ रहे हैं, लेकिन उनके गृह राज्य में चुनावी साल होने से तोहफों की भरमार है। सरकार वहां गैस की किल्लत नहीं होने दे रही है और खाने-पीने की सुविधा भी भरपूर है। पश्चिम बंगाल वापस जा रहे नदीम ने बताया कि वहां जाने से वोट तो देंगे ही, चुनावों के दौरान कोई संकट भी नहीं रहेगा। दिल्ली में रहकर अपना जीवन यापन करना अब गरीब मजदूर प्रवासियों के लिए मुश्किल हो गया है।

# दिल्ली सरकार युवाओं को प्रासंगिक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : शिक्षा मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सीएम श्री स्कूल, सिविल लाइंस, में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित "स्किल कनेक्ट 2026" के अंतर्गत प्रथम इंडस्ट्रीख्एकेडेमिया कॉन्क्लेव' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और छात्रों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन भी किया। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रदर्शित नवाचार, कौशल और आत्मविश्वास की सराहना की। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, नीति-निर्माता तथा प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि ने भाग लिया।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा की षस्किल कनेक्ट 2026" कॉन्क्लेव के माध्यम से दिल्ली सरकार युवाओं को आधुनिक और प्रासंगिक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे बदलती अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भर बन सकें और देश के विकास में सक्रिय योगदान दे सकें।

सूद ने बताया की इस कॉन्क्लेव में 2,000 से अधिक नियोक्ताओं के माध्यम से 30,000 से अधिक इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए गए जो दिल्ली के व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम की व्यापकता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।इस अवसर पर सूद ने 'इंटर्नशिप गियर फॉर स्टूडेंट्स' और 'इंटर्नशिप साथी' पुस्तिका का भी विमोचन किया।इस कार्यक्रम में पैनल चर्चाएं और अनुभव साझा करने के सत्र भी आयोजित किए गए, जहां नियोक्ताओं, छात्रों, प्रशिक्षकों और पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव, विचार और सफलता के अनुभव साझा किये। साथ ही उद्योग भागीदारों को बड़े पैमाने पर इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

उन्होंने आगे कहा की वर्ष 2026 का यह दौर तेजी से बदलती दुनिया का दौर है, जहाँ एआई और नई तकनीक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुकी हैं। आज ज्ञान हर किसी के स्मार्टफोन पर एक क्लिक की दूरी पर उपलब्ध है, लेकिन केवल ज्ञान पर्याप्त नहीं है। भीड़ से अलग पहचान बनाने के लिए युवाओं के पास मजबूत स्किल सेट और पैशन होना भी आवश्यक है।उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल डिग्री होल्डर तैयार करना नहीं, बल्कि युवाओं को हुनरमंद बनाना है। लक्ष्य यह है कि युवा केवल नौकरी खोजने वाले न बनें, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने यह भी बताया की दिल्ली के स्कूलों में वर्तमान समय में 29 विभिन्न ट्रेड्स सिखाए जा रहे हैं, जिनमें एआई प्रोग्रामिंग और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक विषय भी शामिल हैं। शिक्षा को चारदीवारी तक सीमित न रखते हुए नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

**उत्तर रेलवे**

ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | ADEN/NDLS. के अंतर्गत SSE/W/ANVT अनुभाग में आनंद विहार टर्मिनल के रनिंग रूम में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक अतिरिक्त तीसरी मंजिल का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,86,11,147.82/- (रुपये एक करोड़ छियासी लाख ग्यारह हजार एक सौ सैंतालीस और बयासी पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,43,100.00/- (रुपये दो लाख तैंतालीस हजार एक सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.04.2026 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 20646203 |

- ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128-डब्लू/280/ई-निविदा सूचना/55-2025-26/डब्लू-3

दिनांक : 27.03.2026

1044/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जेवर एयरपोर्ट उद्घाटन बना सियासी मुद्दा, आप ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पश्चिमी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान ने जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। परतापुर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता बैठक एवं पत्रकार वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि जनता एक ओर गैस सिलेंडर की किल्लत और महंगाई से जूझ रही है, जबकि दूसरी ओर बड़े आयोजनों के नाम पर सरकारी संसाधनों और ईंधन की बर्बादी की जा रही है।

सीएम चौहान ने कहा कि उद्घाटन कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन




विभाग की हजारों बसें लगाई गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि हापुड़ क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में बसों के माध्यम से लोगों को रैली में ले जाया गया और आसपास के गांवों के लोगों पर भी कार्यक्रम में पहुंचने का दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि जब देश की जनता गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़ी है और महंगाई से परेशान है, तब इस तरह के भव्य आयोजनों पर भारी खर्च और ईंधन की खपत करना जनता के साथ अन्याय है। सीएम चौहान ने सांसद के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें कहा गया था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी अब हवाई जहाज में बैठेगा। उन्होंने कहा कि जब आम लोगों के पास बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए ही पर्याप्त पैसे नहीं हैं, तो हवाई यात्रा की बात करना जमीनी हकीकत से दूर है। आप नेता ने दिल्ली और पंजाब में अपनी पार्टी की सरकार के कामों का हवाला देते हुए कहा कि वहां बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक योजनाओं के जरिए लोगों को राहत देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, बेहतर सरकारी स्कूल और अस्पताल, स्वास्थ्य बीमा तथा अन्य योजनाओं से आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। जेवर एयरपोर्ट देश के लिए महत्वपूर्ण परियोजना हो सकती है, लेकिन इसका उद्घाटन सादगी से भी किया जा सकता था। हजारों बसें लगाकर भीड़ जुटाना, डीजल-पेट्रोल की बर्बादी करना और सरकारी मशीनरी का इस तरह इस्तेमाल करना उचित नहीं है। सरकार कहती है कि गरीब भी हवाई जहाज में सफर करेगा, लेकिन पहले उसे पेट भरने और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने लायक बनाना जरूरी है। दिल्ली और पंजाब में हमने बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में जो काम किए हैं, वह इसी सोच का परिणाम हैं। सरकार को भी ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे जनता को राहत मिले, न कि केवल बड़े आयोजनों के जरिए राजनीतिक संदेश दिया जाए।

# नन्हे सितारों की बड़ी कामयाबी, जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल में ग्रेजुएशन डे धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल के किंडरगार्टन विभाग द्वारा आयोजित 'ग्रेजुएशन डे' समारोह शुक्रवार को अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसके बाद पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। समारोह में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों के साथ मंच पर कदम रखा तो अभिभावकों की आँखों में गर्व और भावुकता साफ झलकने लगी। बच्चों को परीक्षा परिणाम के साथ 'मेरिटोरियस ट्रॉफी' प्रदान की गई, जिसे पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस यादगार पल को अभिभावकों ने अपने मोबाइल और कैमरों में कैद किया।

विद्यालय की प्रिंसिपल डा. निधि मलिक ने कार्यक्रम में उपस्थित



अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों के पूरे वर्ष के समर्पण और परिश्रम की सराहना की। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ने विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। समारोह में स्कूल एडमिन लवलेश सिरोही, मीनू सिरोही एवं रुचिका खुराना सहित शिक्षकगण और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों की मुस्कान और तालियों की गूंज ने इस दिन को यादगार बना दिया।

# एनसीआर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ताकत, सिम्स की टीम ने कर दिखाया कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड हॉस्पिटल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में पहली बार एक जटिल आर्टेरियोवेनस (एवी) फिस्टुला सर्जरी सफलतापूर्वक कर किडनी मरीजों के लिए दीर्घकालिक और सुरक्षित डायलिसिस का रास्ता आसान कर दिया गया है। इससे अब क्षेत्र के मरीजों को इस प्रकार की सर्जरी के लिए दिल्ली जैसे बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह सर्जरी 47 वर्षीय महिला मरीज पर की गई, जो लंबे समय से क्रॉनिक किडनी डिज़ीज से पीड़ित थीं और जनवरी से सप्ताह में दो बार हीमोडायलिसिस ले रही थीं।

प्रारंभिक उपचार के दौरान डायलिसिस सेंट्रल वेनस कैथेटर के माध्यम से किया गया, जो अस्थायी उपाय होता है और इसमें संक्रमण तथा रक्त के थक्के बनने का खतरा अधिक रहता है। मरीज की दीर्घकालिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकीय टीम ने स्थायी समाधान के रूप में एवी फिस्टुला बनाने का निर्णय लिया, जिसे डायलिसिस के लिए (गोल्ड स्टैंडर्ड) माना जाता है। जटिल सर्जरी को असिस्टेंट प्रोफेसर एवं परामर्शदाता प्लास्टिक सर्जन डा. शिप्रा गर्ग ने अत्यंत कुशलता से अंजाम दिया। यह प्रक्रिया विभागाध्यक्ष डा. अमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में मल्टीडिसिप्लिनरी टीम द्वारा की गई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर बताई जा



रही है और जल्द ही उन्हें नए एवी फिस्टुला के माध्यम से सुरक्षित व प्रभावी डायलिसिस मिल सकेगा, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार की संभावना है। अस्पताल प्रबंधन ने इसे संस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए पूरी मेडिकल टीम की सराहना की। संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने भी टीम को बधाई देते हुए कहा कि SIMS भविष्य में भी क्षेत्र के लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ SIMS हापुड़ और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक भरोसेमंद सुपर-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।

# गांधी बाजार में रातों-रात चोरी, दीवार काटकर घुसे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शहर के सबसे व्यस्त माने जाने वाले गांधी बाजार क्षेत्र में चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देकर पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। 26 मार्च की रात पुल के नीचे स्थित मुकुट लाल लोहे वालों की दुकान में शातिर बदमाशों ने दीवार काटकर सेंध लगाई और गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना से पूरे व्यापारी वर्ग में दहशत और आक्रोश का माहौल है। दुकान संचालक सुनील कुमार गर्ग के अनुसार वह रोजाना की तरह रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह करीब नौ बजे जब दुकान खोली तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। गल्ले की दराज खुली पड़ी थी और



उसमें रखे करीब 15 हजार रुपये गायब थे, जबकि दुकान के भीतर सामान बिखरा हुआ था।

चोरों ने दुकान के पीछे की ओर से प्रवेश करने के लिए पहले दीवार में लगा एग्जॉस्ट हटाया, फिर लोहे के जंगले को काटकर अंदर घुसे। वारदात के तरीके से साफ है कि बदमाश पूरी तैयारी और प्लानिंग के साथ आए थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान के कार्यभार संभालने के बाद चोरी की घटनाओं में काफी कमी आई थी, लेकिन शहर के बीचों-बीच इस तरह की घटना ने कानून-व्यवस्था को लेकर फिर चिंता बढ़ा दी है। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** मवीकलां के महर्षि दयानंद बाल विद्यालय में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह व वेद गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

आयोजन में सुबह वैदिक विद्वान डा.देव शर्मा वेदालंकार ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। इसके उपरांत प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित लक्ष्य उज्जवल, प्रियांशी उज्जवल, आदित्य उज्जवल, शंहेल खरे, विराट, अक्षय पाल, अक्षि कश्यप, जगदीप यादव, तनिष जाटव, देव. राज ढाका व वंशिका को मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राजेंद्र सिंह, रालोद प्रांतीय



उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल, प्रो.सुरेंद्र पाल आर्य, स्कूल संस्थापक बाबूराम आर्य व प्रधानाचार्य ऊषा आर्या ने स्मृति चिन्ह व पटका देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हुई वेद गोष्ठी में गुजरात के गांधीनगर स्थित वैदिक दर्शन योगधाम के आचार्य योगेश ने कहा कि अविद्या हमारे दुखो का कारण है। उन्होंने कहा कि यह नश्वर शरीर हमें पुण्य कार्य करते हुए परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है। हम धर्म परमात्मा की चिंता नहीं करते अपने नश्वर शरीर की चिंता करते हैं। साधन सुविधाओं की चिंता करते हैं, इसलिए मुक्ति नहीं मिलती। उन्होंने कहा हमें आत्मा की अमरता का संदेश समझना चाहिए। आयोजन में योगेंद्र वैदिक, अमरपाल आर्य, अशोक आर्य, अजय आर्य, हरपाल सिंह, सत्यदेव आर्य, प्रमिला देवी, श्वेता आर्य, मंजली आर्य, दीपिका शर्मा, रीना उज्जवल, सत्यवती आर्य का सहयोग रहा।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 का असर, महिलाओं को मिला सुरक्षा का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत गुरुवार को थाना हापुड़ नगर क्षेत्र के कोठी गेट बाजार में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बाजार में मौजूद महिलाओं, छात्राओं और दुकानदारों को सुरक्षा से जुड़े अधिकारों तथा आपातकालीन सेवाओं की जानक. ारी दी। कार्यक्रम में उप निरीक्षक (एसआई) रजनी और महिला कांस्टेबल रूबी ने महिलाओं व बालिकाओं से संवाद कर उन्हें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस टीम ने महिलाओं को



हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इन नंबरों को अपने मोबाइल में सेव रखने की अपील की।

उपनिरीक्षक रजनी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक, आत्मविश्वासी और सुरक्षित बनाना है, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में डरने के बजाय कानून की मदद ले सकें। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बाजार में पर्चे वितरित कर लोगों से महिला सुरक्षा के प्रति सजग रहने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आहवान किया।

## एक नजर

### संकट में परिवार, सहारा बनी पुलिस, 2 घंटे में घर लौटा बच्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ पुलिस के ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार वर्षीय गुमशुदा बच्चे को महज दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मासूम के मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और परिजनों ने पुलिस का आभार जताते हुए प्रशंसा की।

जानकारी के अनुसार ग्राम पलवाड़ा निवासी एक व्यक्ति शुक्रवार को घबराए हुए हालत में थाना गढ़मुक्तेश्वर पहुंचा और बताया कि उसका चार वर्षीय पुत्र अचानक लापता हो गया है। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की गई, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत थाना पुलिस ने त्वरित टीम गठित कर आसपास के इलाकों, संभावित मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर खोजबीन शुरू की। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तथा विभिन्न स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। अथक प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने बच्चे को मीरा की रेती क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे को सुरक्षित पाकर पुलिस ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मासूम को परिवार के सुपुर्द कर दिया। अपने बच्चे को सकुशल वापस पाकर परिजन भावुक हो उठे और पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई न होती तो कोई अनहोनी भी हो सकती थी। थाना प्रभारी ने बताया कि जनपद में चलाया जा रहा ऑपरेशन स्माइल अभियान लापता बच्चों की तलाश और उन्हें परिवार से मिलाने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी साबित हो रहा है।

### स्कूल जाती बालिकाओं को छेड़ना पड़ा भारी, एंटी रोमियो टीम ने दबोचा आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हाफिजपुर।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं पर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले एक मनचले को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की हरकतों से क्षेत्र की छात्राएं और अभिभावक लंबे समय से परेशान थे।

पुलिस के अनुसार शासन के निर्देश पर महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एंटी रोमियो टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान नवादा अंडरपास के पास एक युवक स्कूल जाती बालिकाओं को देखकर अभद्र टिप्पणियाँ और अश्लील फब्तियाँ कसता हुआ पाया गया। टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान जुनैद पुत्र मतलूब निवासी ग्राम सलाई, थाना हापुड़ देहात के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी को थाने ले आई, जहां उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि छात्राओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### गुंडा एक्ट में कार्रवाई, पुलिस ने शातिर 'छोटू' को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कानून की आंखों में धूल झोंककर जिलाबदर के आदेश की अवहेलना कर गांव में ही छिपे एक शातिर अभियुक्त को कोतवाली हापुड़ नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी के पुलिस को सूचना मिली कि जिलाबदर घोषित अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम अच्छेजा, आदेश के बावजूद अपने गांव में ही मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए गांव में दबिश दी और आरा. पी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली हापुड़ नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2025 में उसके विरुद्ध बीएनएस की गंभीर धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था, जबकि वर्ष 2023 और 2020 में भी मारपीट और जान से मारने की धमकी से जुड़े मामलों में उसका नाम सामने आ चुका है।

## ट्रायल्स 29 को

**सहारनपुर।** सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-16 और अंडर-19 खिलाड़ियों के जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन रविवार 29 मार्च को कराया जाएगा।

ट्रायल का आयोजन अंबाला रोड स्थित ज्ञान कलश क्रिकेट ग्राउंड/स्कूल में किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान ने बताया कि यूपीसीए से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत यह ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अंडर-16 वर्ग के ट्रायल सुबह 10 बजे से शुरू होंगे, जबकि अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल दोपहर 2 बजे से आयोजित किए जाएंगे। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ रजिस्ट्रेशन स्लिप लाना अनिवार्य होगा। बिना रजिस्ट्रेशन खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल नहीं किया जाएगा।

## कुर्क संपत्तियों का होगा भौतिक सत्यापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई संपत्तियों के भौतिक सत्यापन के लिए प्रशासन ने बड़ा अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 से अब तक जनपद में लगभग 1170 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इन सभी संपत्तियों की कुर्की के बाद विधिवत रिसीवर नियुक्त किए गए हैं। अब प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कुर्क की गई संपत्तियों का उपयोग कहीं अभियुक्त या किसी निजी व्यक्ति द्वारा तो नहीं किया जा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट के अनुसार, इस विशेष सत्यापन अभियान के दौरान प्रत्येक संपत्ति की मौके पर जांच की जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मौलाना फरीद ने सम्मानित किये पुलिस अफसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर कोतवाली में जामा मस्जिद के मैनेजर मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने होली, रमजान और ईद के दौरान बेहतर कानून-व्यवस्था व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान अफसरों को शॉल ओढ़ाकर और फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी प्रथम अमित श्रीवास्तव के पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें विशेष रूप से बधाई दी गई। शहर कोतवाल नेमचंद के जनकपुरी थाने का प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें भी सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसके अलावा रोजंत त्यागी को मंडी थाने से देवबंद थाने का प्रभारी बनाए जाने पर भी उनका स्वागत किया गया। और शहर के गणमान्य लोगों मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने कहा कि रमजान, होली और ईद जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान पुलिस प्रशासन ने जिस तरह से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखा, वह सराहनीय है। उन्होंने पदोन्नति प्राप्त और



स्थानांतरित अधिकारियों को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीओ अमित श्रीवास्तव ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और कहा कि जनसहयोग से ही बेहतर कानून-व्यवस्था संभव हो पाती है। उन्होंने आगे भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की।

इस मौके पर हाजी शाहिद जुबेरी, मसूद बदर, डॉ. शहकार खान, हाजी नवाब अंसारी, आलिम बख्शी, मोहम्मद आलम, मास्टर महमूद, रईस अहमद, नौशाद सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस को मिली 11 नई पीवीआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सहारनपुर पुलिस को 11 नई चार पहिया पीआरवी (स्कॉर्पियो) वाहनों की सौगात मिली है।

इन अत्याधुनिक वाहनों का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा एक गरिमामयी समारोह में हरी झंडी दिखाकर किया गया। इन नए पीआरवी वाहनों के शामिल होने से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अब किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की पहुंच आमजन तक पहले से अधिक तेजी और प्रभावशीलता के साथ सुनिश्चित की जा सकेगी, जिससे रिस्पांस टाइम में कमी आने की उम्मीद है। पुलिस




विभाग द्वारा इन वाहनों के संचालन के लिए वैज्ञानिक और विश्लेषणात्मक आधार पर रूट चार्ट तैयार किया जाएगा। इसके तहत उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां शिकायतों की संख्या अधिक रहती है ताकि जरूरत के अनुसार पीआरवी वाहनों की तैनाती की जा सके। इस पहल से न केवल अपराधों पर नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होगी। साथ ही पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास और संतुष्टि स्तर बढ़ेगा।

# पश्चिमी यूपी के लोगों को मिले हाईकोर्ट की बेंच: इमरान मसूद

■ **संसद में कहा- पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को सुनिश्चित किया जाये सस्ता व सुलभ न्याय**

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सांसद काजी इमरान मसूद ने आज संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को सस्ता और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की बेंच की मांग की।



सांसद इमरान मसूद ने लोकसभा में आज अपने भाषण में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 28 जनपदों के लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिए हाई कोर्ट बेंच की पश्चिम में मांग लंबे समय से चली आ रही है, जिसके लिए कभी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भी मांग की थी। उन्होंने कहा कि हमारे गरीब लोगों को भी न्याय के लिए 800 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, जिसके एक बार का खर्च लगभग 10000 रूपये आता है। उन्होंने कहा की कुछ प्रदेशों में उच्च न्यायालय की तीन-तीन पीठ है और हमारे उत्तर प्रदेश में भी उच्च न्यायालय की दो बैंच है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े क्षेत्र की इस दीर्घकालीन मांग की तरफ यदि ध्यान ना दिया गया तो अब क्षेत्र की जनता में इस उपेक्षा के प्रति रोष पनपने लगेगा। इसलिए इस मांग की ओर शीघ्र ध्यान देकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की खंड पीठ की शीघ्र ही स्थापना होनी चाहिए।

बताते चले कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पृथम राज्य और हाईकोर्ट बैंच की मांग काफी पुरानी है। जिसके लिये कई आंदोलन हो चुके है।

# एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए रूट प्लान जारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को होगा। इसे देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों पर सुबह 7 से रात 11 बजे तक आपातकालीन वाहनों को छोड़कर सभी मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन के साथ पार्किंग की योजना भी जारी की है। मेरठ और गाजियाबाद की ओर से आने वाले वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर सिरसा गोलचक्कर से डाढा गोलचक्कर, सुपरटेक गोलचक्कर से दाएं मुड़ेंगे। यहां से नट मढैया गोलचक्कर से होंडा सीएल चौक पुस्ता तिराहा (एटीएस) से बाएं घूमकर रनहेरा पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश कर निर्धारित सामान्य पार्किंग (मेरठ पी7 और गाजियाबाद पी छह) में वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल जा सकेंगे।

मथुरा और अलीगढ़ से यमुना एक्सप्रेसवे होकर आने वाले वाहन जेवर टोल पार करने के बाद जेवर कट से उतरकर दाएं मुड़कर सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट से प्रवेश कर एयरपोर्ट परिसर में (मथुरा पी-05 और अलीगढ़ पी-नौ, पी-11) में वाहन पार्क कर सकेंगे। वहीं, हापुड़, बुलंदशहर की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग जेवर खुर्जा मार्ग पर ग्राम थोरा से पहले दाएं मुड़कर पारोही गेट से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश कर टाटा बीचिंग प्लांट के सामने दाएं ओर निर्धारित सामान्य पार्किंग (हापुड़ पी-14 और बुलंदशहर पी-13) में गाड़ियों को पार्क करने के बाद कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**वीआईपी लोगों के लिए शटल वाहनों की सुविधा:** वीवीआईपी और वीआईपी लोग यमुना एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट के लिए बने इंटरचेंज मार्ग से प्रवेश कर अपने वाहन पार्किंग पी-1, पी-2 और पी3 में लगा सकेंगे। यहां से शटल वाहनों के जरिये वह कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। मीडिया के वाहन किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पार्किंग पी-8 में पार्क होंगे। ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के वाहन पी-10 पर पार्क होंगे। वहीं, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहन एक्सपो मार्ट गोलचक्कर से यूटर्न लेकर एक्सपो मार्ट अंडरपास होकर एनएसजी गोलचक्कर से बाएं मुड़ेंगे। यहां से वाहन पुस्ता तिराहा होते हुए रन्हैरा पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश कर पी-7 में वाहन पार्क कर सकेंगे। जरूरत के समय ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

**वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने मौके का जायजा लिया:** नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दो दिन पहले से एसपीजी ने एयरपोर्ट को सुरक्षा घेरे में ले रखा है। वहीं, गुरुवार को प्रधानमंत्री के लिए चयनित हैलीपेड पर वायु सेना का हेलीकॉप्टर उतारकर सुरक्षा गुणवत्ता को परखा गया। एसपीजी ने एयरपोर्ट व जनसभा स्थल पर बिना सत्यापन लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।

### इस तरह मार्ग बदले जाएंगे

-जेवर-टप्पल मार्ग पर गोपालगढ़ की ओर से जेवर की ओर से आने वाले व्यावसायिक वाहनों को वापस टप्पल की ओर भेजा जाएगा।
-खुर्जा से जेवर की ओर आने वाले व्यावसायिक वाहनों को खुर्जा से डायवर्ट किया जाएगा।
-सिकंद्राबाद-ककोड़ से जेवर से आने वाले व्यावसायिक वाहनों को चचुरा नहर पुल से खैलरी की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
-आगरा से आने वाले यातायात को जेवर टोल से पहले बने यूटर्न से आगरा की ओर जाएंगे। यह यातायात अलीगढ़, टप्पल होकर गंतव्य को जा सकेगा।
-नोएडा-ग्रेनो से यमुना एक्सप्रेसवे का प्रयोग कर आगरा की ओर से आने वाले वाहन परीचौक से अल्फा कॉमर्शियल गोलचक्कर होते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल होकर गंतव्य को जा सकेंगे।
-मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद से ईस्टर्न पेरीफेरल से यमुना एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल कर आगरा, मथुरा, लखनऊ व अन्य स्थानों को जाने वाले वाहन ईस्टर्न पेरीफेरल के बील अकबरपुर से उतरकर एनएच-91 से जा सकेंगे।
-पलवल से ईस्टर्न पेरिफेरल द्वारा ग्रेनो एक्सप्रेसवे होकर अन्य स्थानों पर जाने वाले वाहनों का सिरसा लूप से उतरना प्रतिबंधित रहेगा।

# एयरपोर्ट जनसभा की तैयारी, 2500 बसों पर नजर रखने को कंट्रोल रूम सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हैलो, कंट्रोल रूम से बोल रहा हूं। आपकी बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ में होने वाली जनसभा से अभी कितनी दूर है, इसकी जानकारी उपलब्ध करा दें। विभिन्न जनपदों से आने वाले 2500 बस चालकों के पास शुक्रवार से कलेक्ट्रेट के कंट्रोल रूम से फोन किए जाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से छह से सात टीमें बनाई गई हैं।

हर टीम में 10 से 12 लोगों की तैनाती की गई है। हर टीम के सदस्यों को 100-100 बसों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सदस्यों का काम होगा कि हर बस चालक से उसकी लोकेशन लेकर अपडेट रहें। जनसभा स्थल पर पहुंचने पर बसों को कहां खड़ा किया जाएगा, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। सभी कर्मियों को 27 से 28 मार्च शाम छह बजे तक कंट्रोल रूम में रहना होगा। कंट्रोल रूम में शामिल एक सदस्य ने बताया कि हर बस चालक को फोन करने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि प्रधानमंत्री की जनसभा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी न हो। इसके लिए सभी सदस्यों को दो दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया है। बातचीत के दौरान किसी को ऊंची आवाज में बोलने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही बसों में आने वाले लोगों को खाना-पानी



मिला या नहीं, इसकी जानकारी भी ली जाएगी।

उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम से लाइव लोकेशन पर भी काम किया जाएगा। कई जनपदों से लोग शुक्रवार दोपहर से ही आने लगेंगे। उनके रहने और खाने की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि कंट्रोल रूम में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई होगी।

**इन जनपदों से आएंगी बसें:** गौतम बुद्ध नगर के साथ-साथ बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मथुरा और आगरा जिलों से लोग पहुंचेंगे। इसके अलावा दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, इटावा, सैफई, मैनपुरी समेत प्रदेश के कई इलाकों से बसें आएंगी। टीम को हर जिले के कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के नाम व नंबर भी दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे संपर्क कर अपडेट लिया जा सके।

# 2040 तक सात करोड़ यात्रियों के साथ नोएडा एयरपोर्ट




**देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा, पांच रनवे से उड़ान भरेंगे विमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम फेज का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करने जेवर आ रहे हैं। एयरपोर्ट एक रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टावर एवं कार्गो हब सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर होगा। लेकिन 2040 में दो रनवे के साथ एयरपोर्ट से वार्षिक यात्रियों की क्षमता सात करोड़ पहुंचने का अनुमान है।

4752 हेक्टेयर में पांच रनवे बनने के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को देश का सबसे बड़े एयरपोर्ट का गौरव हासिल होगा। नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत एयरपोर्ट के लिए तीनों चरणों में किसानों से 5428 हेक्टेयर जमीन ली जा रही है।पहले चरण में 1334 हेक्टेयर का अधिग्रहण पूरा कर एयरपोर्ट का निर्माण हो चुका है। बाकी अन्य फेज की परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण और विस्थापन अंतिम चरण में है केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकारों की प्रतिबद्धता की वजह से पूरी प्रक्रिया शांति पूर्ण संपन्न हो रही हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण दो स्टेज में किया जा रहा है प्रथम स्टेज में दो रनवे तैयार होंगे उसके बाद दूसरे स्टेज में एयरपोर्ट पर पांच रनवे तैयार किए जाएंगे। राज्य सरकार ने प्रथम स्टेज के लिए 4406 करोड़ रुपये खर्च करते हुए 3300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। प्रथम स्टेज में दो रनवे से सात करोड़ यात्री क्षमता के लिए एयरपोर्ट के निर्माण पर 36 हजार करोड़ से अधिक का खर्च होगा। एयरपोर्ट दो स्टेज के कुल चार चरणों में बनकर तैयार होगा, जिसके प्रथम स्टेज के प्रथम चरण पर 11077 करोड़ रुपये खर्च कर लोकार्पण के लिए तैयार है।

**एक रनवे के साथ की जा रही एयरपोर्ट की शुरुआत:** एयरपोर्ट की शुरुआत एक रनवे के साथ एक करोड़ 20 लाख यात्री क्षमता के साथ की जा रही है जो वर्ष 2031 में दो रनवे के साथ बढ़कर तीन करोड़ वार्षिक यात्री हो जाएगी। वर्ष 2036 में पांच करोड़ और वर्ष 2040 में सात करोड़ वार्षिक यात्री हो जाएगी। इस परियोजना पर उस समय तक कुल 36267 करोड़ रुपए के निवेश का अनुमान है।

**4752 हेक्टेयर जमीन पर तैयार होंगे पांच रनवे:** एयरपोर्ट पर पहला और दूसरा रनवे 1334 हेक्टेयर जमीन पर बनाए जा रहे हैं। तीसरा रनवे 1365 हेक्टेयर, चौथा 1318 हेक्टेयर और पांचवां 735 हेक्टेयर जमीन पर तैयार होंगे।

पांच रनवे के लिए 4752 हेक्टेयर और विस्थापन के लिए 676 हेक्टेयर सहित कुल 5428 हेक्टेयर 13407 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वर्ष 2021 में एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में एयरपोर्ट के दो रनवे का माडल दिखाया गया था 28 मार्च को उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को एयरपोर्ट के पांच रनवे का माडल दिखाया जाएगा।

**वैश्विक एविएशन हब बनने की क्षमता:** एयरपोर्ट को भविष्य के एक बड़े मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल एविएशन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह दिल्ली के आइजीआइ एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम कर एयर ट्रैफिक को संतु. लित करेगा। पांच रनवे की प्रस्तावित क्षमता के साथ यह देश का सबसे बड़ा एविएशन हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बदलते वैश्विक हालात के बीच यह दुबई, दोहा और अबु धाबी जैसे स्थापित हब के विकल्प के रूप में उभरकर भारत की एविएशन क्षमता को नई ऊंचाई देने की क्षमता रखता है।

## कन्या पूजन के लिए जा रहे बच्चे लिफ्ट में फंसे

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हिमालय प्राइड सोसाइटी के टावर ए में एक लिफ्ट अचानक बीच रास्ते में अटक गई। इसमें कई छोटे बच्चे और महिलाएं सवार थीं, जो नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन के लिए दूसरे टावर में जा रही थीं। लिफ्ट रुकते ही अंदर फंसे लोगों में घबराहट फैल गई।यह घटना शुक्रवार को हुई। लिफ्ट के अंदर फंसे छोटे बच्चे और महिलाएं मदद के लिए चिल्लाने लगे। आरोप है कि सुरक्षाकर्मी और मेंटेनेंस कर्मचारियों ने उनकी आवाज नहीं सुनी। लिफ्ट में फंसे लोगों ने बताया कि अलार्म बटन दबाने के बावजूद काफी देर तक कोई सहायता नहीं मिली। इस दौरान लिफ्ट के अंदर फंसे लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। छोटे बच्चे डर के मारे जोर-जोर से रोने लगे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।सोसाइटी के अन्य निवासियों ने जब लिफ्ट के अंदर से आ रही आवाजें सुनीं, तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। सभी फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश करने लगे, लेकिन लिफ्ट पूरी तरह जाम हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद मेंटेनेंस कर्मचारियों और लिफ्ट स्टाफ ने लिफ्ट को खोलकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकलने पर कई बच्चों की हालत रोने के कारण खराब हो गई थी, जबकि महिलाओं को पानी पिलाकर शांत किया गया। थोड़ी देर बाद सभी ने राहत की सांस ली। सोसाइटी की एओए प्रेसिडेंट सीमा भंडारी ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार लिफ्ट के अचानक बंद होने और लोगों के फंसने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हिमालय प्राईड सोसाइटी में करीब 1100 से अधिक परिवार रहते हैं जिनमें बच्चे बुजुर्ग और बीमार लोग भी शामिल हैं लिफ्ट का बार-बार खराब होना उनकी सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गया है।इस घटना में सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए।

# एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले सड़कों की मरम्मत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को होने वाले इस कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में जेवर से जुड़े विभिन्न मार्गों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है।

हालांकि, वर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों की मरम्मत उद्घाटन से ठीक पहले शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कों की मरम्मत में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और यह केवल औपचारिकता है। उनका कहना है कि घटिया सामग्री का उपयोग कर जल्दबाजी में काम पूरा किया जा रहा है, जिससे सड़कें लंबे समय तक नहीं टिकेंगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से खराब सड़कों के कारण उन्हें आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उनका कहना है कि प्रशासन ने पहले इस ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब वीआईपी कार्यक्रम के चलते आनन-फानन में काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके। इस संबंध में, प्रशासन का कहना है कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जा रहे हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# चाइल्ड पीजीआई में भी लग रही एचपीवी वैक्सीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अब सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में भी किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगने लगी है। शुक्रवार को संस्थान में 14 साल की किशोरी को वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू हुए इस अभियान के तहत अबतक यह वैक्सीन सिर्फ जिला अस्पताल में ही लग रही थी।

चाइल्ड पीजीआई के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार की ओर से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का



शुभारंभ 28 फरवरी से किया गया। इसी क्रम में 27 मार्च को चाइल्ड पीजीआई में पहला एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम हुआ। संस्थान में आने वाली 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी किशोरियों को यह टीका निशुल्क लगाया जाएगा।

कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष डॉ. डीके सिंह, सीएमएस डॉ. मुकुल कुमार जैन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. आलोकिता शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर कोमल यादव और प्रदीप सिंह की उपस्थिति रही।

**टीकाकरण के बाद 30 मिनट का ऑब्जर्वेशन:** डॉ. आलोकिता ने बताया कि टीकाकरण के बाद किशोरी को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार 30 मिनट तक चिकित्सकीय पर्यवेक्षण में रखा गया। स्वास्थ्य स्थिति सामान्य पाए जाने पर उसे सुरक्षित रूप से घर भेज दिया गया।

## एक नजर

### ऑटो चालक की मौत के मामले में केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में हुई ऑटो चालक की मौत के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। करीब छह महीने पहले अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मारी थी। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से इटावा निवासीस नेहा ने बताया कि वह अपने पति बालिस्टर के साथ चोटपुर कॉलोनी में रहती थी। लखनावली मोड़ पर अज्ञात वाहन ने 15 सितंबर की रात बालिस्टर के ऑटो में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल ऑटो चालक को पहले नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके बाद इटावा के एक अस्पताल रेफर किया गया। हालत बिगड़ने पर इटावा से सैफई ले जाते समय रास्ते में 18 सितंबर को ऑटो चालक बालिस्टर की मौत हो गई थी। पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के बाद वह आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने अधिक समय बीत जाने के चलते मुकदमा दर्ज नहीं किया।

### विशाल भंडारे का आयोजन



**नोएडा( शाह टाइम्स )।** रामनवमी के अवसर पर सेक्टर 6 स्थित एक कंपनी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आज देश में घरेलू गैस सिलेंडर की परेशानी को देखते हुए माता के भक्तों ने माता के नवरात्रि के बाद आज रामनवमी के दिन लकड़ी की भट्टी जलाकर स्वादिष्ट भोजन बनाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें आसपास के फैक्ट्री के लोगों ने भी सेवा भाव से अपना कार्य किया। इस मौके पर सेवाभाव अंशुमन यादव, सीपी तिवारी, सुमित कुमार, सानिध्य तिवारी, सुबोध रस्तोगी, रूपेश गौतम, बबलू सिंघल, कुंदन सिंह, दीवान सिंह, राहुल कुमार, शशि पाठक, दीपाली रावत सहित दर्जनों महिलाओं ने भी सेवा की।

### उद्योगों को भी मिलेगा कॉमर्शियल सिलिंडर, आदेश का इंतजार

**नोएडा।** जिले के उद्योगों को भी जल्द गैस की किल्लत से राहत मिलेगी। प्लास्टिक, स्टील आदि उद्योगों को कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति होगी। केंद्र सरकार से इसका आदेश जारी हो गया है। प्रशासन प्रदेश सरकार के आदेश का इंतजार कर रहा है। शासनादेश आने के बाद आपूर्ति शुरू होगी। हालांकि उद्यमियों को पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। केवल उन उद्योगों को छूट दी है जो केवल एलपीजी गैस पर ही चल सकते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कॉमर्शियल गैस नहीं मिलने से 3000 से अधिक उद्योग प्रभावित हैं। इनमें से 500 से अधिक उद्योग बंद हो चुके है।

# तीन सालों में धोखाधड़ी करने वाले 1692 लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस द्वारा बीते तीन वर्षों में व्यापक कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है।

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी 2023 से 27 मार्च 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी कस्टमर केयर कॉल और लोन ऐप फ्रॉड समेत विभिन्न साइबर अपराधों का सफल खुलासा किया गया है। इस दौरान कुल 1692 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

ये गिरफ्तारियां केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और गुजरात जैसे कई राज्यों से अभियुक्तों को पकड़ा गया है, जो इस नेटवर्क की व्यापकता को दर्शाता है। साइबर क्राइम पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते अब तक 139 करोड़ 54 लाख 11 हजार 170 रुपये की ठगी की रकम को फ्रीज कराया गया है। वहीं, बड़ी राहत देते हुए 68 करोड़ 37 लाख 48 हजार 484 रुपये की धनराशि पीड़ितों को वापस भी कराई गई है। यह उपलब्धि साइबर अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए साइबर अपराधों की निगरानी, विश्लेषण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही आम जनता को जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। जनजागरूकता अभियानों, सोशल मीडिया, कार्यशालाओं और साइबर सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को लगातार सचेत किया जा रहा है। इन अभियानों में नागरिकों को बताया जा रहा है कि वे अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक और फर्जी संदेशों से सावधान रहें। विशेष रूप से "डिजिटल अरेस्ट" और निवेश से जुड़े लालच वाले ऑफर्स से बचने की सलाह दी जा रही है।

# महिला ने पति समेत छह पर केस दर्ज कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित ढूढ़ेरा गांव की एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट तथा जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शुक्रवार को महिला की शिकायत पर पति सहित छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में सुंदरी नामक महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2024 में भूपेंद्र उर्फ ज्ञानेंद्र से हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं था और शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। महिला ने यह भी कहा कि पति और अन्य ससुरालजन उसके साथ अक्सर मारपीट करते थे। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के कुछ महीनों बाद जब वह गर्भवती हुई, तो उसके पति ने जबरन दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। इसके अतिरिक्त, उससे दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और नकदी की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे घर में रखने से इनकार कर दिया गया।

पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर कुछ महीने पहले उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

# मेगा मार्ट में आग लगने से अफरातफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-76 स्थित एक मेगा मार्ट में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी इमारत ही चपेट में आ गई। इससे आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में मार्ट के अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय मार्ट बंद था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सुबह चार बजकर 37 मिनट पर आग लगी। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की टीमें मौके पर पहुंचतीं, तब तक आग काफी फैल चुकी थी। इसके बाद फेज तीन फायर स्टेशन से दमकल की पांच गाड़ियां बुलाई गईं। आग तेजी से फैलती देख 10 अन्य दमकल की गाड़ियों को अलग-अलग जगहों से मंगाया गया। कुल 15 दमकल गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। कई घंटों की




कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।बताया जा रहा है कि इमारत के बाहर लगे एक टीन शेड में बिजली के बोर्ड से आग लगनी शुरू हुई। इसके बाद यह आग विज्ञापन बोर्ड और बैनर के सहारे तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। आग के कारण इमारत में धुआं भर गया, जिससे वहां मौजूद मौजूद कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड आग बुझाने के लिए अंदर नहीं जा सके। इस वजह से आग पर काबू पाने में देरी हुई और एक जूते का स्टोर पूरी तरह जलकर राख हो गया। साथ ही, कपड़ों और अन्य सामान को भी भारी नुकसान हुआ। एहतियात के तौर पर दमकल की दो गाड़ियां दोपहर 12 बजे तक घटनास्थल पर मौजूद रहीं ताकि अगर आग का दायरा बढ़े तो तुरंत ही उस पर काबू पाया जा सके।बगल के रेस्टोरेंट तक पहुंची लपटेंआग बगल स्थित एक रेस्टोरेंट तक भी पहुंच गई थी, लेकिन दमकल विभाग की तत्परता से उसे आगे फैलने से रोक लिया गया। रेस्टोरेंट में मामूली नुकसान हुआ। अधिकारियों के मुताबिक अगर आग और ऊपर तक फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि बिल्डिंग के ऊपर हाई वोल्टेज बिजली लाइन भी गुजर रही है।

घटना के दौरान बिल्डिंग का फायर सिस्टम भी फेल हो गया। जब फायर डिपार्टमेंट ने फायर फाइटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करने की कोशिश की, तो वह काम नहीं कर रहा था। पाइपलाइन में जंग लगी मिली। इसके बाद सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के फायर सिस्टम की भी मदद ली गई और अन्य जिलों से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं।इमारत के शीशे तोड़ने पड़ेदमकलकर्मियों को आग बुझाने के लिए इमारत के शीशे तोड़ने पड़े, ताकि अंदर से धुआं निकल सके।

# सैमसंग ने भारत में फ्लैगशिप स्मार्टफोन को अधिक सुलभ बनाने के लिए 'गैलेक्सी फॉरएवर' लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज भारत में गैलेक्सी फॉरएवर की घोषणा की, जो अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन को अधिक सुलभ बनाने के लिए एक नया ओन. रशिप मॉडल पेश कर रहा है। प्रोग्राम ग्राहकों को सैमसंग केयर+द्वारा संचा. लित नो-क्वेश्चंस-एस्क्ड-रिटर्न पॉलिसी के साथ एक साल के बाद 50 प्रतिशत अस्यूरड बायबैक के खिलाफ 50 प्रतिशत की छूट का वादा करता है। यह ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड या सैमसंग फिनांस+ के माध्यम से 12 नो-कॉस्ट ईएमआई में डिवाइस की लागत का केवल आधा भुगतान करके एक साल के लिए गैलेक्सी26 अल्ट्रा या गैलेक्सी एस 26 प्लस का मालिक बनने में सक्षम बनाता है। सैमसंग फिनांस+ को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि ग्राहक न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण और त्वरित लोन अनुमोदन के साथ आसान क्रेडिट प्राप्त कर सकें। एक साल के बाद, क्रेडिट कार्ड भुगतान मोड के माध्यम से ऑप्ट-इन करने वाले ग्राहक सीधे 50 प्रतिशत अस्यूरड बायबैक प्राप्त कर सकते हैं, या अतिरिक्त 12 नो-कॉस्ट ईएमआई के माध्यम से शेष 50 प्रतिशत का भुगतान कर सकते हैं। सैमसंग फिनांस+ के लिए ऑप्ट करने वाले ग्राहकों को बस रिटर्न करना होगा और अगले गैलेक्सी फ्लैगशिप स्मार्टफोन में अपग्रेड करना होगा। डिवाइस को बनाए रखने के लिए, ग्राहकों को 13वें महीने में शेष 50 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। गैलेक्सी फॉरएवर में सैमसंग केयर+ (अकसीडेंटल और लिक्विड डैमेज प्रोटेक्शन के साथ शून्य कटौती) भी शामिल है, जिसका मूल्य प्छत 13999 है, जो 13 महीनों के लिए डिवाइस सुरक्षा और नो-इवेश. चंस-एस्क्ड-रिटर्न का वादा करता है।

**गैलेक्सी फॉरएवर-मुख्य विवरण**

**योग्य डिवाइस:** गैलेक्सी 26 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस 26 प्लस

**प्रोग्राम फी:** आईएनआर 749.92/माह एक साल के लिए

**अस्यूरड बायबैक:** हमारे नो-इंवेश्चंस-एस्क्ड रिटर्न प्रॉमिस के साथ 50 प्रतिशत की छूट

**कॉस्ट स्प्रेड करें:** क्रेडिट कार्ड के साथ 12 नो-कॉस्ट ईएमआई में शेष 50 प्रतिशत का भुगतान करें

**मन की शांति:** 13 महीनों के लिए शून्य कटौती के साथ सैमसंग केयर+ अकसीडेंटल और लिक्विड डैमेज कवर प्राप्त करें

**फ्लेक्सिबिलिटी:** 12 महीने के बाद रिटर्न, रिटेन या अपग्रेड करें

**उपलब्धता:** सैमसंग.कॉम और देशभर में 1,500+ सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर्स

**भुगतान विधियां:**

सैमसंग फिनांस+ (सैमसंग. कॉम और सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर्स में लागू)

क्रेडिट कार्ड- नो-कॉस्ट ईएमआई (केवल सैमसंग.कॉम पर लागू)

गैलेक्सी फॉरएवर के साथ, हम एक ग्राहक-प्रथम ओनरशिप मॉडल पेश कर रहे हैं जो हमारे फ्लैगशिप गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस 26 प्लस को भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ बनाता है। प्रोग्राम को इस अंतर्दृष्टि के आधार पर डिज़ाइन किया गया है कि ग्राहक नवीनतम तकनीक का मालिक बनना चाहते हैं और साथ ही साल-दर-साल अपग्रेड करने का एक हस्सल-फ्री विकल्प भी चाहते हैं। गैलेक्सी फॉरएवर हमारी नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है -न केवल तकनीक में बल्कि यह भी कि उपयोगकर्ता नवीनतम गैलेक्सी डिवाइसों का मालिक कैसे बनते हैं और अपग्रेड करते हैं कि सुमित वालिया, वाइस प्रेसिडेंट, हेड ऑफ डी2सी बिजनेस और कॉर्पोरेट मार्केटिंग, सैमसंग इंडिया ने कहा।

# सामाजिक भाईचारा रैली की तैयारियां हुई तेज

## सपा कार्यकर्ताओं ने दर्जनों गांवों का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी द्वारा 29 मार्च को दादरी में आयोजित होने वाली सामाजिक समानता भाईचारा रैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार और जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने भैंसवाल, गढ़ी पुख्ता, भभीसा और सुन्ना सहित कई गांवों का दौरा कर रैली की तैयारियों का जायजा लिया।



जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत सांसदों, विधायकों, विधानसभा अध्यक्षों और विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के जिलाध्यक्षों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जनसंपर्क कर रहे हैं और रैली में शामिल होने वाले लोगों की सूची तैयार कर रहे हैं, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में रैली में पहुंचेंगे। वहीं समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सैनी ने बताया कि युवाओं में इस रैली को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। युवा कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों से दादरी पहुंचेंगे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ाका जोरदार स्वागत करेंगे। रैली में शामिल होने के लिए शामली से कार्यकर्ताओं के प्रस्थान की भी विस्तृत योजना बनाई गई है। बताया गया कि कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों के माध्यम से भैंसवाल रोड स्थित जिला कार्यालय से सुबह 9 बजे दादरी के लिए रवाना होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने दावा किया कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में आयोजित यह रैली ऐतिहा. सिक साबित होगी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और आसपास के जिलों से भारी संख्या में लोग इसमें भाग लेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह रैली प्रदेश की राजनीति में बदलाव की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# मुल्लापुर फायरिंग में दो गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों से पिस्टल की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव मुल्लापुर में 20 मार्च को हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का थानाभवन पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरो. पियों में सागर पुत्र महेश निवासी मुल्लापुर तथा एक नाबालिग युवक विहान पुत्र नीरज निवासी गांव गोसगढ़ शामिल हैं।

पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव मुल्लापुर निवासी गुलाब पुत्र भुल्लन ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 20 मार्च को वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते सागर और उसके साथी ने उस पर जान से मारने की नीयत से 10 राउंड के करीब फायरिंग कर दी। इस घटना से



पूरे गांव में दहशत फैल गई थी। सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई थी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुल्लापुर नदी के पास से दोनों आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हथछोया में जमीनी रंजिश में हुआ खूनी संघर्ष

## भाकियू प्रदेश महासचिव समेत कई नामजद, महिलाओं तक को नहीं बख्शा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव हथछोया में पुरानी जमीन की रंजिश को लेकर बृहस्पतिवार सुबह बड़ा खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव जावेद तोमर समेत कई लोगों ने मिलकर एक परिवार पर सुनियोजित तरीके से हमला बोल दिया, जिसमें महिलाओं तक को नहीं बख्शा गया। हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता रजिया तोमर के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उसके पिता अफजाल अपने बेटों व अन्य परिजनों के साथ गन्ने के खेत में काम कर रहे थे। तभी गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपित ने एकजुट होकर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व फावड़ों से हमला बोल दिया। हमले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अफजाल अपनी जान बचाने के लिए खेत में बने कमरे में छिपने को मजबूर हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचीं परिवार की महिलाओं पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। इस दौरान रजिया तोमर, सुफियान तोमर, नुसरत समेत कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 व चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने भाकियू के प्रदेश महासचिव जावेद तोमर समेत कई नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में जावेद तोमर, आमिर तोमर उर्फ आसिफ, सलीक पुत्र जिंदा, उमरदीन पुत्र नगीना, कोसर पुत्र उमरदीन, तसव्वर उर्फ हंडू पुत्र जबरदीन, उमरदीन उर्फ गिन्ना, जानिसार उर्फ जानी पुत्र असद, मोईन पुत्र मतलूब, सोयाब पुत्र कोसर, इंतजार पुत्र असद उर्फ हस्द और सलीम पुत्र शेरा शामिल हैं। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि खसरा नंबर 510 की जमीन को लेकर चल रहे विवाद के चलते साजिश के तहत हमला कराया गया। यह मामला पहले से न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों द्वारा पूर्व में भी धमकी दी गई थी जिसकी शिकायत में करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी, जिसके चलते यह घटना हुई। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सड़क सुरक्षा संवाद पर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा 24 व 25 मार्च 2026 को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों ने भाग लेकर सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यशाला में शामिल स्काउट-गाइड के जिला प्रशिक्षण आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त और मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जनपदों में ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाएंगे। वे विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित



करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाना है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने प्रतिभागियों को संकल्प दिलाया कि वे स्वयं और अपने परिवार के सदस्य यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए, तो सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। वहीं डॉ. किंजल सिंह ने कहा कि स्काउट-गाइड जैसी अनुशासित संस्था के सहयोग से सड़क सुरक्षा के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के कारण, उनके निवारण, यातायात नियमों के पालन और जनजागरूकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रतिभागियों को जागरूक करने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिससे उन्होंने रोचक तरीके से यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त की। इस कार्यशाला में शामली जनपद से भी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला मुख्य आयुक्त/सीडीओ विनय कुमार तिवारी एवं डीआईओएस के निर्देशन में जिला सचिव डॉ. हीरा सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी तथा जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने प्रतिभाग कर अपने जनपद का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यशाला से प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने की प्रेरणा मिली।

# घेर में बने कमरे में चोरी की हुई वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गांव मादलपुर निवासी शुभम कुमार, जो वीरेंद्र शर्मा के पुत्र हैं, 18 मार्च को अपने परिवार के साथ अपने बेटे का मुंडन संस्कार कराने के लिए शाकुम्भरी माता के दरबार गए हुए थे। धार्मिक कार्यक्रम के चलते पूरा परिवार 19 मार्च को भी वहीं रुका रहा।

इस दौरान उनका घर और घेर खाली पड़ा रहा, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। बताया गया कि 20 मार्च की शाम को जब शुभम कुमार अपने परिवार के साथ वापस गांव लौटे, तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी नहीं थी। अगले दिन जब उनके पिता घेर में पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि वहां रखा क्रम्पटन कंपनी का मशीन का मोटर गायब है। इससे स्पष्ट हो गया कि चोर ताला तोड़कर मोटर चोरी कर ले गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया। शुभम कुमार ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। इसके बाद पीड़ित ने थाना भवन में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुक. दमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद गांव में लोगों में चिंता और असुरक्षा का माहौल देखा जा रहा है।

# साधारण सभा में किसान हित पर मंथन

## सभा में गांवों में खाद्य गोदाम की कमी का उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में सहकारी गन्ना विकास समिति द्वारा शुक्रवार को वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में जिले और आसपास के क्षेत्रों से सभी किसानों के प्रतिनिधि और डेलीगेट उपस्थित रहे। सभा का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनना, उनकी आवश्यकताओं को समझना और समिति के कार्यों में सुधार लाना था।

सभा का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सभापति विक्रांत निर्वाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित किसानों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य हमेशा किसानों के हित में



कार्य करना रहा है और इसके लिए किसानों के सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी डेलीगेट से अपील की कि वे समिति और किसान हित में अधिक से अधिक सुझाव दें ताकि समस्याओं का समाधान जल्दी से जल्दी किया जा सके। सभा में चर्चा का एक मुख्य विषय पूर्व वर्षों में किसानों को वितरित किए गए उर्वरक, कीटनाशक और अन्य सामग्री की वसूली से संबंधित रहा। डेलीगेटों ने बताया कि वसूली न होने के कारण उस धनराशि पर मूलधन से अधिक ब्याज जमा हो गया है। इस पर समिति से आग्रह किया गया कि किसानों के हित में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की जाए, ताकि किसानों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और वसूली आसानी से हो सके। साथ ही डेलीगेट विजय कुमार ने बंतीखेडा गांव में खाद्य गोदाम की कमी को लेकर सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को जब तक जानकारी मिलती है, गोदाम पर यूरिया और डाई खत्म हो जाती है। इसलिए क्षेत्र में एक स्थायी खाद गोदाम की स्थापना आवश्यक है, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर एसडीआई प्रेमनारायण शुक्ला, सचिव ओमप्रक. ाश, उप सभापति गौरव कुमार, राजू निर्वाल, विनोद कुमार, राजबीर सिंह, सुधीर, योगेन्द्र और सतेन्द्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा में सभी डेलीगेटों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और किसानों के हित में कई सुझाव दिए। इस वार्षिक साधारण सभा ने किसानों और समिति के बीच संवाद को मजबूत किया और समिति के कार्यों में पारदर्शिता और सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही आगामी कार्यों के लिए योजना और रणनीति तैयार करने में भी सहायता मिली।

# फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने का आरोप, कोर्ट के स्टे के बावजूद धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने और उगाही का मामला सामने आया है। ग्राम अशरफपुर निवासी जोगेन्द्र पुत्र प्यारेलाल ने कुछ लोगों पर उनकी खरीदी हुई संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कैराना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उसने अपने भाई पंचराज के साथ 29 नवंबर 2011 को ग्राम बरनावी निवासी शीशो से एक लाख 80 हजार रुपये में उक्त संपत्ति खरीदी थी। जांच में पता चला था कि यह जमीन वर्ष 1991 में सतपाल से सोमबीर और बाद में वर्ष 2010 में शीशो के नाम बैनामे के जरिए हस्तांतरित हुई थी। खरीद के बाद से दोनों भाई जमीन पर दुकान बनाकर लगातार काबिज हैं। आरोप है कि ग्राम जमालपुर निवासी कमल और सुधीर, जिनका इस संपत्ति से कोई संबंध नहीं है, दुकान पर पहुंचकर उन्हें बेदखल करने की धमकी देने लगे और रुपये की मांग करने लगे। विरोध करने पर पीड़ित ने सिविल न्यायालय कैराना में वाद दायर किया, जिस पर न्यायालय ने उनके पक्ष में स्थगन आदेश द्धस्टेक्र जारी कर दिया, जो अब भी प्रभावी है। इसके बावजूद आरोप है कि 12 फरवरी 2026 को आरोपियों ने साजिश के तहत सब-रजिस्ट्री कार्यालय कैराना में कथित रूप से फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति का बैनामा वसीम पुत्र दिलशाद निवासी पावटीकला और संजीव पुत्र हरपाल सिंह निवासी अलीपुर के नाम करा दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी भूमाफिया प्रवृत्ति के हैं और उनकी संपत्ति हड़पने के साथ ही उन्हें डराकर रुपये वसूलने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# हाईवे किनारे अज्ञात वृद्ध बेहोश मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में बागपत सीमा से सटे हाईवे किनारे एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। राहगीरों की नजर पड़ने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने तत्काल पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस कर्मियों की सहायता से बेहोश व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी होश न आने पर हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एलम के निकट बागपत सीमा के पास एक वृद्ध व्यक्ति हाईवे किनारे पड़ा हुआ था। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर स्थानीय लोगों ने मानवीय पहल करते हुए पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है। पहचान होने पर परिजनों को सूचित कर सपुर्द किया जायगा।

# पत्रकार एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गंगेरू मार्ग स्थित मीडिया कार्यालय पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता पर जोर दिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष इंद्रपाल पांचाल व वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार ने पदाधिका. रियों व सदस्यों को पहचान पत्र और नियुक्ति पत्र वितरित किए तथा संगठन के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला अध्यक्ष ने देवेंद्र कुमार को तहसील अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही संगठन से जुड़े दर्जनों नए सदस्यों को भी कार्ड और नियुक्ति पत्र दिए गए। इस दौरान संगठन के विस्तार और सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष इंद्रपाल पांचाल ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन प्रतिबद्ध है। उन्होंने पदा. धिकारियों से संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। बैठक में इस्ताखार आलम, फुरकान जंग, ऋषिपाल काला, आरिफ जंग, राजीव चौहान, मुनव्वर हसन, दिलशाद, पुष्पेंद्र चौहान, आदिल राणा, नईम, रोमी मलिक, वासिद जंग, इरफान मो. हसिन रहमानी समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# यूपीआई ठगी के शिकार परिवार को बड़ी राहत

## कैराना साइबर सेल ने 2.08 लाख रुपये कराए वापस

**□ दो किश्तों में 3.97 लाख की हुई थी ठगी, तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने पीड़ित के खाते में लौटवाई आंशिक रकम।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच कैराना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यूपीआई ठगी के शिकार परिवार को बड़ी राहत दिलाई है। कैराना की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने ठगी के शिकार पीड़ित के खाते में दो लाख आठ हजार आठ सौ रुपये वापस कराए हैं।

पुलिस के अनुसार कस्बे के मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी मौ. नवाजिश पुत्र खालिद व उनके परि. जनों के बैंक खातों से 20 जनवरी 2025 और 30 मार्च 2025 को यूपीआई के माध्यम से कुल 3,97,100 रुपये की ठगी कर ली गई थी। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने थाना कैराना में शिकायत दर्ज कराई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर हेल्पडेस्क टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने संबंधित बैंकों से पत्राचार कर तकनीकी माध्यमों से लेन-देन को ट्रेस किया और धनराशि को फीज कराने की कार्रवाई की। लगातार प्रयासों के बाद शुक्रवार को 2,08,800 रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। पुलिस का कहना



है कि शेष रकम की बरामदगी के लिए प्रयास जारी हैं। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित मौ. नवाजिश व उनके परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक समय पाल सिंह, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार व कांस्टेबल मानवेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा न करें और साइबर ठगी से बचाव के लिए सतर्क रहें।

# भगवान महावीर के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांबोज कॉलोनी स्थित सुनीता जैन के निवास स्थान पर जैन महिला महासमिति की मासिक सभा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की गई। इस सभा का आयोजन विशेष रूप से भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जैन धर्म के सिद्धांतों और भगवान महावीर के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था।

सभा का प्रारंभ भव्य दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद भगवान महावीर के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित भजन, वाद्य एवं भक्ति प्रस्तुतियों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को अत्यंत आध्यात्मिक और मनोहारी बना दिया। महिलाओं ने भावपूर्ण ढंग से इन गीतों और वाद्य प्रस्तुतियों में भाग लेकर भक्तिभाव का अनुभव साझा किया। कार्यक्रम के दौरान एक रोचक प्रश्नमंच का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस पहल से महिलाओं में शिक्षा और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी और उनमें प्रतियोगिता की भावना को प्रोत्साहन मिला। सभा में वक्ताओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के सिद्धांतों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में इन आदर्शों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है।

वक्ताओं ने बताया कि हम भगवान महावीर को तो मानते हैं,



लेकिन उनके उपदेशों को अपने दैनिक जीवन में उतारने में हम अक्सर पीछे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन सिद्धांतों को व्यवहार में अपनाया जाए तो व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और सफलता सुनिश्चित हो सकती है। सभा में डॉ. अनिता जैन, सुशीला जैन, मंजू जैन, गुणमाला जैन, सुनीता जैन, संध्या जैन, पारुल जैन, मनीषा जैन, प्रीति जैन, रेखा जैन, ममता जैन, नीना जैन, नीरू जैन और गीता जैन सहित कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। इस सभा ने महिलाओं को भगवान महावीर के आदर्शों के साथ अपने जीवन को समृद्ध बनाने की प्रेरणा दी और धर्म के प्रति उनकी आस्था को और अधिक मजबूत किया।

# सिम बेचने को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के निकट सिम बेचने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। घायल ने उपचार के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कैराना क्षेत्र के मोहल्ला अल खुर्द निवासी एहसान नगर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास छतरी लगाकर वी आई कंपनी के सिम बेचने का कार्य करता है। उसके पास ही कस्बा निवासी दानिश जिओ कंपनी के सिम बेचता है।शुक्रवार को ग्राहक बुलाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों में मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान दानिश ने डंडे से हमला कर एहसान के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।आसपास मौजूद लोगों ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपी की तलाश कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गर्ल्स कॉलेज में घुसकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

## रामनवमी पर कॉलेज में हो रहा था कार्यक्रम, प्राचार्या और कार्यकर्ताओं में तीखी बहस, कई छात्राएं बेहोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के संत जोजफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब बजरंग दल के कार्यकर्ता कॉलेज परिसर में पहुंच गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा घोषित अवकाश के बावजूद कॉलेज खुले होने और अंदर कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया। जैसे ही कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे, उन्होंने मंच तक जाकर नारेबाजी शुरू कर दी और कार्यक्रम का विरोध करने लगे। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या क्रिस्टीना लुईस और बजरंग दल पदाधिकारियों के बीच मंच पर ही तीखी बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि माहौल तनावपूर्ण हो गया और कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हंगामे के चलते वहां मौजूद छात्राओं में दहशत फैल गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान कई छात्राएं घबरा कर बेहोश हो गईं। एक छात्रा की हालत ज्यादा बिगड़ने पर उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उपचार के बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले गए। स्थिति बिगड़ती देख कॉलेज प्रशासन ने एहतियातन कार्यक्रम को बीच में ही रद्द कर दिया। पूरे घटनाक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में तनाव बना रहा और छात्राओं व अभिभावकों में भी चिंता का माहौल दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि थाना परिसर के पास स्थित कॉलेज में इतना बड़ा हंगामा होने के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता थाना परिसर पहुंचे और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ तहरीर देते हुए प्राचार्या पर गंभीर आरोप लगाए। दूसरी ओर, कॉलेज की प्राचार्या क्रिस्टीना लुईस ने इस मामले में कोई कार्रवाई करने से सफ़ मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी (एसपी देहात) अभितीज कुमार भी कॉलेज पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। फिलहाल, इस घटना को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।



सरधना नगर स्थित संत जोजफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हंगामा करते बजरंग दल के कार्यकर्ता।



हंगामे के चलते छात्राओं में मची अफरा-तफरी।



सरधना सीएचसी में भर्ती छात्रा।

## जानी क्षेत्र में पहुंची सीबीआई, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मवाना में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज से भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी समय से नुकसान पहुंच रहा है। आरोपी की तलाश में सीबीआई ने थाना क्षेत्र के बाफर गांव में पहुंची जहां तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए सीबीआई ने उठा लिया। मवाना कस्बे में 14 सितंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बे में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित कर भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने पुलिस के अधिकारियों को जानकारी देकर बताए गए स्थान पर दबिश दी तो करीब 150 मोबाइल, टेलीफोन एक्सचेंज के उपकरण आदि बरामद हुआ। तीन आरोपियों इस्लाम, आसिफ और गुफरान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया उन्होंने अन्य स्थानों के नाम बताए। शुक्रवार को सीबीआई की दो टीमों ने दिन निकलते ही गांव में दबिश देकर तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए उठा लिया। बताया जा रहा है यह लोग काफी शातिर किस्म के व्यक्ति हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने सीबीआई द्वारा की गईकार्रवाई की जानकारी दी।

# कोल्ड ड्रिंक पीने गए युवक को घर में खींचकर किया जानलेवा हमला

## हमलावरों ने धारदार हथियार से सिर पर किए वार, युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सरधना क्षेत्र के ग्राम खिर्वा जलालपुर में रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि युवक को दुकान से घसीटकर घर के भीतर ले जाया गया, जहां धारदार हथियारों और तमंचे की बटों से उसे लहूलुहान कर दिया गया। शोर मचने पर ग्रामीणों ने बामुश्किल युवक की जान बचाई। पीड़ित पिता ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, खिर्वा जलालपुर निवासी आस मोहम्मद का पुत्र सोनू गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे गांव में ही मुन्नी की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक पीने गया था। आरोप है कि वहां पहले से घात लगाकर बैठे गांव के ही दबंगों ने सोनू को देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सोनू ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर सोनू को जबरन खींचकर अपने घर के भीतर ले गए। वहां मौजूद समीर, शादाब पुत्रगण इमरान और सावेज, सुहैल उर्फ मज्जन पुत्रगण यूनुस ने धारदार हथियारों, तमंचे और डंडों से सोनू पर प्रहार किए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे शाहनवाज और भूरा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर सोनू को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया।



घटना के बाद घायल सोनू को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पिता ने बताया कि आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है, मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राम नवमी पर सरधना में निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** राम नवमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को नगर में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला जब भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा पूरे धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान नगर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण राममय हो गया।

शुक्रवारर को रामा मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा का शुभारंभ राम तलैया मंदिर से हुआ, जहां मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संगीत सोम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया। यात्रा में भगवान श्रीराम, मां दुर्गा और भगवान गणेश की सजीव और आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों गुजरान गेट, देवी मंदिर, बिनौली रोड, तहसील रोड, भाटवाड़ा और कुम्हारान मोहल्ला से होकर पुनः राम तलैया मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम में मलखान सैनी, शरद त्यागी, सूर्यदेव त्यागी, विनोद जैन, डॉ. मुनेश पंडित, महेंद्र सैनी, पंकज जैन, दीपक शर्मा, अभिषेक, प्रदीप बुद्धिराजा, सुशील कुमार, आलोक जैन, सुभाष वेदप्रकाश, बिरेंद्र सैनी और संजीव पंवार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## द इंडियन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग स्थित सीबीएसई बोर्ड से संचालित द इंडियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी गौरव सिंह मौजूद रहे, जिन्होंने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कक्षा अनुसार परिणाम में प्री नर्सरी में रुकय्या, नर्सरी में रफत, एलकेजी में देव, यूकेजी में मो. शमी, कक्षा 1 में दीपक, कक्षा 2 में रजिया, कक्षा 3 में अबुबकर, कक्षा 4 में कहकशा, कक्षा 5 में वंश चौहान, कक्षा 6 में मो. अदनान खान, कक्षा 7 में मो. हुजैा तथा कक्षा 8 में रुस्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समारोह में विशेष उपलब्धि के तहत मो. शमी ने 97.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कहकशा ने 95.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट इस्तखार चौहान एवं प्रिंसिपल मिस शीबा सैफी ने मुख्य अतिथि सरूरपुर थाना प्रभारी गौरव सिंह को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# वेंक्टेश्वरा में दो दिवसीय 'ग्लोबल एचआर मीट व प्लेसमेंट ड्राईव- 2026' का शानदार शुभारंभ

**भारत शोध, नवाचारों एवं स्किल्स के बल पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार: डॉ. राजीव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में दो दिवसीय ग्लोबल एच.आर. मीट/प्लेसमेंट ड्राईव-2026 का शानदार शुभारंभ हुआ। पहले दिन आई.टी., मैनेजमेंट, हेल्थ सेक्टर, डेयरी एण्ड फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, नर्सिंग सेक्टर समेत 50 से अधिक संस्थानो के एच.आर. हेड, निद.ेशकों ने प्रतिभाग करते हुए पैनल डिसक्शन, लिखित परीक्षा, व्यक्तित्व विकास सत्र आदि के द्वारा अलग-2 क्षेत्रों के 1200 बच्चो में से 422 बच्चो ने साक्षात्कार के अगले राउण्ड में प्रवेश के लिए क्वालीफाई किया। एक साथ देश की नामचीन सौ से अधिक कम्पनियों के 'कैम्पस ड्राईव' में प्रतिभाग करने से गदगद वेंकटेश्वरा समूह के अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि स्किल्ड भारतीय युवाओ के लिए देश एवं विदेश में सम्मानित रोजगार के असीमित अवसर उपलब्ध है, जरूरत सिर्फ इस बात की है कि भारतीय युवा राष्ट्रीय एवं अन्ततर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार अपने आप को अपडेट रखे। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डॉ. सी. वी. रमन सभागार में आयोजित दो दिवसीय 'ग्लोबल एच.आर. मीट/प्लेसमेंट ड्राईव-2026' का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, कुलसचिव प्रो. पीयूष कमार पाण्डेय एवं विभिन्न कम्पनियों से आये एच. आर. प्रतिनिधियों ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अलग-2 कम्पनियों एवं संस्थानो से आये एच.आर. हेड/प्रबंधकों ने संस्थान के विभिनन संकायो के डीन एवं फैकल्टी के साथ मिलकर कुल 1200 छात्र-छात्राओं में से चार सौ बाईस अभ्यार्थियों ने दो राउण्ड की साक्षात्कार परीक्षा पास कर फाईनल राउण्ड में प्रवेश किया। विवि के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, कुलसचिव के साथ मिलकर विभिन्न कम्पनियों से आये एच.आर. प्रबंधकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, एच.आर. हेड कुलदीप सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. आशिया वाहिद, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. सुमन, डॉ. सचिन टोटे, डॉ. पारस जामवाल, डॉ. पुनीत, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. आशुतोष, डॉ. अश्विनी सक्सेना, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ.ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. धीरज, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. रीना जोशी, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. योगेश्वर, डॉ. थॉमस, डॉ. राम कुमार, डॉ. विवेक सचान, डॉ. विकास पाण्डेय, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. मनीष, डॉ. मंजरी राणा, डॉ. स्नेहलता, कृष्ण कांत गुर्जर, एस.एस. बघेल, प्रांशूल सेठी, अनुषा कर्णवाल, निशा, रिया, हरप्रीत, शीलभद्र, अरविंद, प्रशांत, सोनू सैनी, आदेश सिंह, मेरठ परिसर से डॉ. पंकज सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



# स्मार्ट डकैत है बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर: नदीम खान

## लोगों के लिए जी का जंजाल बना स्मार्ट मीटर, बिल जमा करने के बाद भी परेशान उपभोक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/मुजफ्फरनगर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम इन दिनों स्मार्ट मीटर पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। वह जबरन भी उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास कर रहा है और उसके लिए उसने इंटेल स्मार्ट कंपनी को इसका ठेका दे रखा है। कंपनी के लोग गली मोहल्ले में जाकर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लग रहे हैं और जो उपभोक्ता मीटर लगवाने से इनकार करता है तो उसके साथ बदतमीजी करते हैं उसे धमकाते हैं। इसी चीज के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज के राष्ट्रीय प्रतिनिधि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम खान ने बड़ा ऐलान कर दिया है। वह अब गली मोहल्ले में जाकर भी स्मार्ट मीटर के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। नदीम ने बिजली विभाग के स्मार्ट मीटर को स्मार्ट डकैत कहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के घरों पर जो स्मार्ट मीटर लगे हैं उनका बिल बहुत ज्यादा आ रहा है, साथ ही साथ बिल जमा करने के बाद भी लोगों के घरों की लाइट नहीं आ रही है। अभी बीते हफ्ते ही लगभग हजारों लोगों के घरों की लाइट अचानक चली गई। बिल जमा करने के बाद भी लाइट नहीं आई तब जाकर पता चला कि कनेक्शन सीधे इंटेल स्मार्ट कंपनी से काटा गया है। कम्पनी एक बटन दबाकर लोगों की बत्ती गुल कर रही हैं वहीं बिजली की रीडिंग में भी छेड़खानी कर सकते हैं। नदीम में साफ कह दिया है कि यह लड़ाई लंबी है और इस लड़ाई को जनता के साथ लड़ा जाएगा और किसी भी कीमत पर लोगों के घरों पर स्मार्ट डकैती नहीं पड़ने देंगे चाहे इसके लिए हमें कई बार जेल ही क्यों ना जाना पड़े।



नदीम खान

### धरने से घबरा गई थी इंटेल स्मार्ट कंपनी

बीते सर्दियों के महीने में इंटेल स्मार्ट कंपनी की गुंडागर्दी और उनके कर्मियों के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ की जा रही बदसलूकी के खिलाफ नदीम खान ने कंपनी के गोदाम पर धरना दिया था और आर पार की लड़ाई का ऐलान किया था। उन्होंने गोदाम का ताला लगाकर वहां पर दिन रात पहरा दिया जिसके बाद कंपनी के मैनेजर ने पुलिस के द्वारा इस धरना स्थल को खत्म कराया। पुलिस ने फोर्स लेकर जबरदस्ती किसानों को और उपभोक्ताओं को धरने से उठाकर जेल भिजवा दिया था जिसके बाद से लड़ाई और मजबूत हो गई।

### जबरदस्ती लगे मीटर तो कर्मियों को बनाएंगे बंधक

भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम ने कहा कि अगर उपभोक्ताओं के परिसर पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने की कोशिश की गई तो कंपनी के कर्मचारियों को वहीं पर बंधक बनाया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी खुद कंपनी की होगी और अगर कोई बदतमीजी कर्मचारी द्वारा किसी भी उपभोक्ताओं के साथ की गई तो उसका मुंहतोड़ जवाब भी मौके पर ही दिया जाएगा जिसका हर तरीके से जिम्मेदार खुद इंटेल स्मार्ट के मैनेजर और प्रबंधक होंगे क्योंकि अब लड़ाई आर पार की है।

## मुमताज आलम के पिता के निधन पर भाजपा के पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने जताई शोक संवेदना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने समाजवादी पार्टी यूथ के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम के आवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व विधायक ने कहा कि पिता का साया उठ जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति दें। इस अवसर पर पूर्व उप प्रधान यूसुफ खान, रफीक खान, आमान उल्ला खान, माह-ए-आलम खान, जावेद खान, फैजी खान, अरीब खान सहित कई लोग मौजूद रहे और सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

# आईपीएल की पहली भिड़ंत RBC VS SRH

**● आरसीबी और एसआरएच के मुकाबले के लिए बेंगलुरु में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई 2 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती**



**बेंगलुरु, वार्ता।** एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 के उद्घाटन मैच के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रशंसकों, खिलाड़ियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेडियम और आसपास के इलाकों में लगभग 2,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भीड़भाड़ को रोकने के लिए, विशेष रूप से स्टेडियम के बाहर, सात विशेष दस्ते बनाए गए हैं। ए कड़े सुरक्षा उपाय पिछले साल शहर में हुई भगदड़ की घटना के मद्देनजर अपनाए गए हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए और भी सख्त तरीके अपनाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि दर्शकों की आवाजाही को आसान बनाने और भीड़ के जमावड़े से बचने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों की संख्या लगभग दोगुनी करके 45 कर दी गई है। इसके अलावा, स्टेडियम में अतिरिक्त एम्बुलेंस, दमकल गाड़ियां और मेडिकल सहायता केंद्र भी तैनात किए गए हैं। निगरानी को और मजबूत करने के लिए, स्टेडियम के अंदर और आसपास लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पुलिस की टीमें भीड़ की आवाजाही पर रियल-टाइम (सीधे) निगरानी रखेंगी। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि केवल वैध टिकट धारकों को ही प्रवेश की अनुमति मिले, इसके लिए स्टेडियम के बाहर बिना टिकट वाले प्रशंसकों के जमावड़े को रोकने के लिए विशेष दस्ते तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली और कई स्तरों वाली सुरक्षा जांच सहित कई उन्नत प्रोटोकॉल लागू किए हैं। इसके साथ ही, यातायात प्रतिबंध और यात्रियों को उतारने-चढ़ाने के लिए विशेष क्षेत्र भी निर्धारित किए गए हैं। आईपीएल 2026 का सीजन शनिवार को बेंगलुरु में शुरू होने वाला है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसके चलते शहर की पुलिस और नागरिक एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। कहते हैं कि क्रिकेट एक 'जेंटलमैन' (भले लोगों) का खेल है। दूसरी ओर, आईपीएल एक ऐसा उत्सव है जहां ए 'जेंटलमैन' कभी-कभी बच्चों जैसा बर्ताव करने लगते हैं, और शनिवार की रात, चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह तमाशा फिर से शुरू होने जा रहा है। मौजूदा चैंपियन, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुक.ाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी ने नई मालिकी के तहत एक नए अध्याय की शुरुआत की है। यह फेंचाइजी, जिसे विजय माल्या ने 2008 में 450 करोड़ रुपये में खरीदा था, पिछले कुछ सालों में जबरदस्त तरीके से आगे बढ़ी है और अब इसकी कीमत 16,500 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गई है। अभी इसकी मालिकी आदित्य बिड़ला ग्रुप के पास है, जिसमें द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन भी पार्टनर हैं। यह अधिग्रहण आईपीएल के बढ़ते कमर्शियल महत्व को दिखाता है और टीम से मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह बहुत ज्यादा उम्मीदें जगाता है। फिर भी, पैसा और खिताब पुरानी यादों को मिटा नहीं सकते।

पिछले साल, जब आरसीबी ने आखिरकार अपना पुराना 'मनहूस सिल.सिला' तोड़ा और आईपीएल की ट्रॉफी जीती, तो जीत का जश्न एक दुखद घटना में बदल गया। स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ ने जीत की खुशी को फीका कर दिया, इस घटना में ग्यारह फैंस की जान चली गई और अधिकारियों को सवालों के जवाब ढूंढने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। तब से लेकर अब तक, स्टेडियम के दरवाजों को नए सिरे से बनाया गया है, भीड़ को काबू करने के इंतजाम और भी ज्यादा सख्त कर दिए गए हैं, और इमर.जेंसी के लिए बनाए गए नियमों में भी सुधार किया गया है।

# परमेश्वर ने विधायकों की आईपीएल टिकटों की मांग का बचाव किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने शुक्रवार को विधायकों द्वारा मुफ्त इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टिकटों की मांग का बचाव किया। उन्होंने खेलों के प्रति उनके उत्साह को विवाद का कारण मानने के बजाय एक सकारात्मक संकेत बताया।

परमेश्वर ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि मुझे यह अच्छा लगा क्योंकि वे खेलों में इतनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यह एक अच्छा बदलाव है। उन्होंने इस मांग को जनप्रतिनिधियों के बीच खेलों से बढ़ते जुड़ाव का संकेत बताया। खास बात यह है कि मंत्री ने इस मुद्दे को 'हक' के बजाय 'संस्थागत प्रक्रिया' से जोड़कर देखा। उन्होंने कहा कि टिकटों के बंटवारे पर कोई भी फैसला स्पीकर के दफ्तर और आयोजक.ों-जैसे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और फेंचाइजी अधिकारियों-द्वारा ही लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीकर इस मामले में क्या कदम उठाएंगे, यह पूरी तरह उन पर निर्भर करता है, क्योंकि सभी विधायक स्पीकर के ही अधीन आते हैं। इस बयान से संकेत मिलता है कि इस मामले को प्रशासनिक स्तर पर ही सुलझाया जाएगा। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब टिकटों की इस मांग ने 'वीआईपी संस्कृति' को लेकर एक सार्वजनिक बहस छेड़ दी है। इस बहस की शुरुआत तब हुई, जब कांग्रेस विधायक विजयानंद काशप्पनवर ने सुझाव दिया कि विधायकों को एक से ज्यादा टिकट दिए जाने चाहिए, और तर्क दिया कि चुने हुए प्रतिनिधियों को टिकट के लिए आम लोगों की तरह कतार में खड़ा नहीं होना चाहिए।

## खेल विशेष


### तुषारा फिटनेस टेस्ट में विफल, नहीं खेल पाएंगे शुरुआती मैच

**बेंगलुरु।** फिटनेस टेस्ट में विफल रहने पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाज नुवान तुषारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआत दो मैच नहीं खेल पायेंगे। आरस.ीबी और श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा फिटनेस टेस्ट में फेल होने होने के कारण उन्हें अभी आईपीएल 2026 में खेलने के लिए एनओसी नहीं मिला है। जिससे वह कम से कम शुरुआती दो मैचों के लिए बाहर हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि श्रीलंका बोर्ड के अनिवार्य फिटनेस टेस्ट में तुषारा पास नहीं हो पाए हैं। श्रीलंका क्रिकेट के चीफ एग्जीक्यूटिव एश्ले डी सिल्वा ने बताया कि तुषारा फिटनेस टेस्ट के दौरान 29 में से 17 पास स्कोर हासिल नहीं कर पाए।

### नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को 'प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया के 8वें वार्षिक पुरस्कार समारोह में पिछले एक साल में भारतीय हॉकी में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और योगदान देने वालों को सम्मानित किया। इसी क्रम में नवनीत कौर और हार्दिक सिंह 'प्लेयर ऑफ द ईयर' तथा जफर इकबाल को 'मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से नवाजा गया। आज यहां आयोजित समारोह में डॉ- मांडविया ने नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2025' (प्रत्येक को 20 लाख रुपये) तथा जफर इकबाल को 'मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' (25 लाख रुपये) से सम्मानित किया। इससे पहले दिन में, रघु प्रसाद आर-वी- को 2025 के लिए 'एफआईएच अंपायर ऑफ़ द ईयर' चुने जाने पर सम्मानित किया गया।

# जवेरेव सेमीफाइनल में सिनर का सामना करेंगे



**मियामी, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को मियामी ओपन में जानिक सिनर के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली, जब उन्होंने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ 6-1, 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। यह जीत पहली बार है जब 27 वर्षीय खिलाड़ी एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी दोनों में अंतिम चार में पहुंचे हैं। अपने 25वें एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद ज्वेरेव ने कहा, ष्कल सबसे कठिन परीक्षा होगी। मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, और उम्मीद है कि यह सिलसिला जारी रहेगा। ज्वेरेव ने एक घंटे, पांच मिनट तक चले इस मैच के दौरान कभी भी अपना नियंत्रण नहीं खोया। दो बार के एटीपी फाइनल्स चैंपियन ने अपनी पहली सर्विस में से 76 प्रतिशत (32/46) सही जगह पर डालीं और उन पॉइंट्स में से 84 प्रतिशत (27/32) जीते। उन्होंने अपने द्वारा अर्जित सात ब्रेक पॉइंट्स में से चार भी जीते। क्वार्टर-फाइनल की इस जीत के साथ, जर्मन खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की, जिससे उनकी हेड 2 हेड सीरीज में 4-3 की बढ़त हो गई। ज्वेरेव को इस सीजन में सेरुंडोलो के खिलाफ बढ़त मिली है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में और फिर मियामी में उन्हें सीधे सेटों में हराया है। अर्जेंटीना का यह खिलाड़ी इन सेटों में से किसी में भी चार से ज्यादा गेम नहीं जीत पाया है। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब अपना ध्यान सिनर के साथ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर केंद्रित करेंगे। वे इस महीने की शुरुआत में इंडियन वेल्स में इस इतालवी खिलाड़ी के हाथों सीधे सेटों में मिली हार का जवाब देने की कोशिश करेंगे। इन दोनों के बीच हुई प्रतिद्वंद्विता में सिनर 7-4 से आगे हैं( उन्होंने इन दोनों के बीच हुए पिछले छह मुकाबलों में से हर एक में जीत हासिल की है। हालांकि, ज्वेरेव दक्षिण फ्लोरिडा में काफी मजबूत और लगातार अच्छी फॉर्म में रहे हैं।

इस टूर्नामेंट के चार में से तीन मैचों में उन्हें एक भी 'ब्रेक पॉइंट' का सामना नहीं करना पड़ा है। वे सिनर के खिलाफ भी इसी स्तर को बनाए रखने की कोशिश करेंगे, सिनर ने अब एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 30 सेट जीते हैं। ज्वेरेव ने अपनी नई और ज्यादा आक्रामक खेल शैली के बारे में कहा, ष्अगर इसका फायदा जल्दी मिल जाता है, तो यह और भी बेहतर है।मैं थोड़ी मुश्किलों का सामना करने के लिए तैयार था, लेकिन कोर्ट पर मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। सेरुंडोलो-जो 2022 में अपने पहले ही प्रयास में मियामी के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

# लवलीना और निखत करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**उलानबटोर (मलेशिया),** वार्ता। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन शनिवार से शुरु होने वाली एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। एएसए एरिना में होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विज.ेता सहित लगभग 250 मुक्केबाजों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

यह चैंपियनशिप 28 मार्च से 11 अप्रैल तक चलेगी। भारत ने इस चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यों वाली मुक्केबाजी टीम भेजी है।

जो भारतीय मुक्केबाज मंजूर वजन कैटेगरी में फाइनल में पहुं.चेंगे, उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिल जाएगा। निखत जरीन 51 भार वर्ग में लड़ेंगी। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबो.रिया के साथ-साथ ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की महिला टीम का हिस्सा हैं। एशियन बॉक्सिग चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :- महिला वर्ग: मीनाक्षी हुड्डा (48किग्रा), निखत जरीन (51किग्रा), प्रीति पंवार (54किग्रा), जैस्मीन लंबोरिया (57किग्रा), प्रिया (60किग्रा), अंकुशिता बोरो (65किग्रा), अरुंधति चौधरी (70किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा), पूजा रानी (80किग्रा), अल्फिया पठान (80 प्लस किग्रा)। भारत की पुरुष टीम की अगुवाई सचिन सिवाच करेंगे। वह 60 किग्रा भार वर्ग में मुकाबला करेंगे। पटियाला में एक महीने तक चले मूल्यांकन के बाद, ओलंपियन अमित पंघाल, दो बार के राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन, मौजूदा सीडब्ल्यूजी चैंपियन नीतू घनघस और पूर्व एशियाई चैंपियन परवीन हुड्डा का चयन नहीं हो पाया। पुरुष वर्ग: विश्वनाथ सुरेश (50किग्रा), जदुमणि सिंह (55किग्रा), सचिन सिवाच (60किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65किग्रा), दीपक (70किग्रा), आकाश (75किग्रा), अंकुश (80किग्रा), लोकेश (85किग्रा), हर्ष चौधरी (90किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 प्लस किग्रा)।

# संजू सैमसन को धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे: इरफान

**नई दिल्ली, वार्ता।** टाटा आईपीएल और भारतीय क्रिकेट के तीन दिग्गज- एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा-कल से शुरू हो रहे 19वें सीजन में एक बार फिर यह दिखाने के लिए बेताब होंगे कि वे क्या कर सकते हैं। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा और इरफान पठान ने एमएस धोनी के बैटिंग पोजशिन और घटते प्रदर्शन, विराट कोहली की फटिनेस, और इन तीनों में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहने की संभावना है, इस पर अपने विचार साझा किए। इरफान पठान ने कहा कि सीएसके टीम में संजू सैमसन का शामिल होना इस बात का संकेत हो सकता है कि टाटा आईपीएल 2026 एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा।







इरघन ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा। इसके संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि अगर आप चेन्नई की टीम को देखें, तो उन्होंने एक ऐसे विकेटकीपर-बल्लेबाज को टीम में शामिल किया है जो अगले कुछ सालों तक खेल सकता है। आप उसके इर्द-गिर्द अपनी टीम बना सकते हैं और वह फेंचाइजी का चेहरा बन सकता है - वह खिलाड़ी है संजू सैमसन। उसने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी फॉर्म को भी बेहतर बनाया है। उसने हाल ही में एक वर्ल्ड कप जीता है और बहुत शानदार बैटिंग कर रहा है। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे एमएस धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे - कोई ऐसा जिसमें यह सब करने की काबिलियत हो और जिससे फैन्स भी जुड़ सकें और अपनापन महसूस कर सकें। संजू के आने से, मुझे लगता है कि धोनी अब यह कह सकते हैं कि शायद अब समय आ गया है कि वह अपनी कमान किसी और को सौंप दें। लेकिन क्या यह पहले हो जाना चाहिए था? क्योंकि मुझे लगता है कि एमएस धोनी जैसा खिलाड़ी सिर्फ दो ओवर खेलने वाला खिलाड़ी बनकर नहीं रह सकता। आप अपनी विरासत ऐसे नहीं बनाते। तो हां, मुझे लगता है कि अब सही समय आ गया है। आईपीएल में एमएस धोनी की मैच खत्म करने की काबिलियत पर उन्होंने कहा, ष्जब सीएसके ने अहमदाबाद में अपनी पिछली ट्रॉफी जीती थी, तो उस समय भी यह चर्चा चल रही थी कि वह बैटिंग ऑर्डर में बहुत नीचे आ रहे हैं-और यह चर्चा तब शुरू हुई थी, जब इन बातों ने जोर भी नहीं पकड़ा था।

लेकिन जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ी, उन्हें घुटने की समस्या भी होने लगी। इसलिए, उनके मन में अपनी भूमिका को लेकर पूरी स्पष्टता थी कि वह आखिरी दो ओवरों में बैटिंग करने आएंगे और मैच को खत्म करेंगे। लेकिन हुआ क्या? वह उन मैचों को खत्म नहीं कर पाए। कुछ साल पहले, जब संदीप शर्मा आखिरी ओवर में उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे, तो एमएस धोनी ने उस मैच को रोमांचक तो बना दिया, लेकिन उसे खत्म नहीं कर पाए। हमने एमएस धोनी से पहले ऐसा कभी नहीं देखा था। अब ऐसा ज्यादा बार हो रहा है। इसलिए, अगर आप खेल रहे हैं, तो आपको अपनी टीम के लिए ज्यादा जम्मिदारी लेनी होगी और कम से कम चार या पांच ओवर तक बैटिंग करनी होगी। यह टीम के लिए फायदेमंद होगा। आकाश चोपड़ा ने इस बारे में बात की कि धोनी, कोहली या रोहित में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा, ष्एक बार फिर सारा ध्यान विराट कोहली पर होगा, क्योंकि वह बहुत ज्यादा फिट हैं। हां, सीरीज के बीच में कुछ गैप होते हैं और ऑस्ट्रेलिया में उन्हें उन गैप्स की वजह से थोड़ी मुश्किल हुई थी, लेकिन एक बार जब उन्होंने रन बनाना शुरू किया, तो उन्हें महीनों तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का तरीका मिल गया।

इसलिए, समय के साथ उन्होंने जिस तरह की फिटनेस हासिल की है, वह उन्हें इस काम के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त बनाती है-खासकर इसलिए भी, क्योंकि वह एक ओप.नर हैं। ऐसे में, उन्हें अपनी फॉर्म में वापस आने के लिए ज्यादा समय मिलता है। रोहित शर्मा के साथ भी यही बात लागू होती है, लेकिन इन दोनों में से, मुझे अब भी लगता है कि विराट कोहली के लिए यह थोड़ा ज्यादा आसान है-और इसकी वजह सिर्फ वह खुद हैं। उन्होंने जिस तरह की फिटनेस और विरासत बनाई है, यह उसी की कीमत है जो उन्हें चुकानी पड़ती है। धोनी के लिए भी यह थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि वह 40 साल की उम्र पार कर चुके हैं। उनके लिए, 10 महीने तक कुछ भी न खेलना, फिर आईपीएल के लिए आना, तुरंत लय में आ जाना, और फिर ऐसे नंबर पर बैटिंग करना जहां उन्हें सिर्फ 10-12 गेंदें ही खेलने को मिलती हैं-यह सबसे मुश्किल काम है। इसके अलावा, उन्हें 20 ओवर तक कीपिंग भी करनी होती है, इसलिए शायद उनका काम सबसे ज्यादा मुश्किल है। रोहित शर्मा के अपने आक्रामक अंदाज में खेलते रहने के बारे में आकाश ने कहा कि जब आप मुंबई इंडियंस के बैटिंग ऑर्डर का हिस्सा होते हैं, तो रोहित शर्मा के लिए लय तय करना जरूरी हो जाता है। रोहित एक खास तरीके से बैटिंग करना चाहते हैं।

# महिला क्रिकेटरों का केशव मौर्य ने बढ़ाया हौसला

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गोमतीनगर स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित स्वर्गीय राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया और महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आज बेटियां खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के



आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट के आयोजक हर्ष वर्धन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं और नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बोलीविया वर्ल्ड कप प्लेऑफ फाइनल में पहुंचा

**मेक्सिको सिटी।** मोइसेस पानिगुआ और मिगुएल टेरसेरोस ने मैच के आखिरी मिनटों में गोल किए, जिससे बोलीविया गुरुवार को हुए इंटर-कॉन्फेडरेशन प्लेऑफ सेमीफाइनल में सूरीनाम को 2-1 से हराकर 32 साल बाद अपने पहले वर्ल्ड कप में जगह बनाने के और करीब पहुंच गया। बीबीवीए स्टेडियम में हाफटाइम के ठीक बाद लियाम वैन गेल्डरेन ने सूरीनाम को बढ़त दिलाई थी, उन्होंने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर हुई एक गहमागहमी के बीच गेंद को पैर के अगले हिस्से से मारकर गोल में पहुंचा दिया। बोलीविया ने 72वें मिनट में पानिगुआ के गोल की बदौलत बराबरी की, पानिग.ुआ ने एक ढीली गेंद पर तेजी से झपट्टा मारा और उसे बड़ी सफाई से गोल के निचले-दाएं कोने में पहुंचा दिया। सात मिनट बाद टेरसेरोस ने पेनल्टी स्पॉट से गोल करके मैच का पासा ही पलट दिया।

# उदय ने प्रथमेश को हराकर पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जीता स्वर्ण पदक

**बैंकॉक (थाईलैंड), वार्ता।** भारत के कंपाउंड तीरंदाजो ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को एशिया कप 2026 तीरंदाजी स्टेज वन टूर्नामेंट के पुरुषों के व्यक्तिगत स्पर्धा में पोडियम पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। उदय कंबोज ने एशियाई खेलों के पदक विजेता प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। दूसरे एंड के बाद प्रथमेश जवकर से 59.57 से पीछे चल रहे उदय कंबोज ने तीसरे एंड में एकदम सही 30 का स्कोर किया और चौथे एंड में बढ़त बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड कांस्य पदक मैच में रजत चौहान ने थाईलैंड के पीरावत रत्नापोंगकियात को 145.144 से हराकर भारत के लिए पोडियम पर पूरी तरह कब्जा सुनिश्चित किया। महिला वर्ग के व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में भारत की तेजल साल्वे ने मारिया डिमिडियुक को 144.135 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने 15 तीरों में केवल छह अंक गंवाए। इस बीच, भारत के कंपाउंड तीरंदाजो ने टीम स्पर्धा में भी अपना दबदबा बनाए रखा और मिश्रित व महिला टीम इवेंट्स में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने एक कड़े स्वर्ण पदक मैच में मलेशिया की फातित नुरफतेहा मत सालेह और मोहम्मद जुवैदी माजुकी को 158.156 से हराया। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने लगातार चार 10 के स्कोर के साथ भारत को एक बेहतरीन शुरुआत दी और बीच के चरण में कुछ छोटी-मोटी चूकों के बावजूद अपनी लय बनाए रखी। तीन एंड के बाद, वे 118-117 की मामूली बढ़त पर थे। मलेशियाई जोड़ी ने तीसरे एंड में कुछ समय के लिए फिर से बढ़त बना ली थी, जब उन्होंने एकदम सही 40 का स्कोर किया, जबकि भारत 39 ही बना पाया। हालांकि, आखिरी एंड में चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने लगातार चार 10 के स्कोर किए, जबकि मलेशिया 39 ही बना पाया, जिससे भारत दो अंकों से जीत गया। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने टूर्नामेंट में पहले क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1409 अंकों के साथ टॉप किया था, फिर एलिमिनेशन राउंड में चीनी ताइपे और कजाकिस्तान को हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। दूसरी ओर, चिकिता तनिपार्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की भारतीय महिला कंपाउंड टीम को फाइनल में कजाकिस्तान की विक्टोरिया ल्यान, डायना यूनुसोवा और रोक्साना यूनुसोवा से 229-227 से हारने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। भारत ने मजबूत शुरुआत की और आधे समय तक 115-113 से बढ़त बनाए रखी। हालांकि, तीसरे एंड में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और उन्होंने 54 अंक बनाए, जबकि कजाकिस्तान ने 58 अंक बनाकर पिछड़ी हुई स्थिति को पलट दिया और 171.169 की बढ़त बना ली। भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने भी इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 2080 अंकों के साथ टॉप किया था, जिसके बाद उन्होंने हांगकांग चीन और मेजबान थाईलैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# वार्ता और बमबारी!

ईरान का इस्राईल-अमेरिका के साथ युद्ध छिड़े 28 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन जंग है कि रुकने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं, जिसमें बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता चल रही है, लेकिन इस तरह की खबरें अमेरिका की तरफ से ज्यादा आ रही हैं। ईरान से इस संबंध में बेहद ठंडी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। शुक्रवार की ही बात करें, तो अमेरिका की तरफ से दस दिन तक ईरान के पेट्रोलियम ठिकानों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने की बात कही गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि जो बातचीत चल रही है, उसको पूरा मौका मिले, लेकिन जिस तरह इस्राईल ने ईरान के स्टील के दो बड़े प्लांट जो इस्फाहान और खुजेस्तान में स्थित हैं, उन पर बड़ा हमला किया, तो वहीं ईरान ने भी बदले की कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन टू प्रोमिस 4 के तहत 83वां चरण युद्ध का शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बार ईरान ने इस्राईल को बड़ी चोट पहुंचाई है। उसने इस्राईल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान ने बेलेस्टिक मिसाइल और सुसाइडल ड्रोन्स के जरिये इस्राईल के अश्दोद में तेल डिपो को निशाना बनाया। वहां आग लगने की बात कही जा रही है। कुवैत, बहरीन, अलधाफरा में भी ईरानी ड्रोन्स ने अमेरिका के सैन्य बेस को निशाना बनाया है। ईरान की तरफ से कुछ चेताया भी जा रहा है और कहा जा रहा है कि खाड़ी देशों ने ज्यादातर अमेरिका के सैन्य बेस तबाह हो चुके हैं और उसके सैनिक वहां के होटलों में शरण ले रहे हैं। ईरान तो यहां तक कह रहा है कि होटल स्वामी भगौड़े सैनिकों को शरण न दें। वह लोगों से भी अपील करता दिखाई दे रहा है कि अगर उन्हें ऐसे भगौड़े सैनिकों के छिपने की जानकारी हो तो उन्हें दें। जाहिर है इस तरह का रवैया बेहद आक्रामक तो है ही, साथ ही यह भी बताता है कि ईरान इस युद्ध में अमेरिका-इस्राईल के साथ किसी भी सीमा तक जाने का इरादा रखता है और उसके हौसलें बुलंद हैं। जाहिर है वार्ता और हमले एकसाथ नहीं चल सकते। इससे तो यही पता चलता है कि दोनों ही पक्ष केवल वार्ता करने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वह जंग को रोकने के पक्ष में नहीं हैं। कोई भी समझ सकता है कि किसी भी समस्या का हल वार्ता से तभी निकल सकता है, जब पहले से ही दोनों ही पक्षों की ओर से कुछ ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाएं, जिससे जो अविश्वास की खाई जोकि बहुत बड़ी है, उसको पाटा जा सके। जब दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर भरोसा ही नहीं होगा, तो नतीजे क्या खाक आएंगे। इतना ही नहीं अमेरिका की वार्ता की बात भी कर रहा है। साथ ही वह ईरान को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहा है। यूं भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने अटपटे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। वह अभी भी युद्ध रोकने को गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## उत्पाद शुल्क कटौती, वसूली का खेल



ईंधन में उत्पाद शुल्क कटौती जनता से वसूली का खेल है, सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे उपकार के रूप में पेश करती है, वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमश: लगभग 32.98 रुपये और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है,सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं, अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है, लगता है जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है।

**-प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सदस्य कांग्रेस**

# नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी

प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में हाल ही में हुई एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज ने समुद्री जैव-विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी है। वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में रहने वाले छोटे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण जीवों एम्फिपोड्स की 24 नई प्रजातियों की पहचान की है, जिनमें एक पूरी तरह नई सुपरफैमिली का भी पता चला है। यह खोज केवल नई प्रजातियों की सूची में वृद्धि भर नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि पृथ्वी के महासागरों में जीवन की विविधता अभी भी काफी हद तक अनजानी है और वैज्ञानिकों के सामने अनगिनत रहस्य अब भी छिपे हुए हैं।

एम्फिपोड्स छोटे, झींगे जैसे क्रस्टेशियन जीव होते हैं, जो समुद्र के विभिन्न स्तरों पर पाए जाते हैं, लेकिन गहरे समुद्र में उनकी विशेष भूमिका होती है। ये जीव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं, क्योंकि वे मृत जीवों और जैविक अवशेषों को खाकर पोषक तत्वों के चक्र को बनाए रखते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, एम्फिपोड्स की विविधता बहुत अधिक है और वे समुद्री तल के सबसे महत्वपूर्ण जीवों में से एक माने जाते हैं, फिर भी उनकी अधिकांश प्रजातियां अभी तक वैज्ञानिक रूप से दर्ज नहीं की गई हैं।

यह नई खोज प्रशांत महासागर के क्लैरियन-क्लिपरटन जोन नामक क्षेत्र में की गई, जो लगभग 60 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह क्षेत्र समुद्र की गहराइयों में स्थित है और खनिज संसाधनों, विशेष रूप से पॉलिमेटालिक नोड्यूल्स, के लिए प्रसिद्ध है। इन नोड्यूल्स में कोबाल्ट, निकल और मैंगनीज जैसे धातु पाए जाते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीकों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों में किया जाता है। यही कारण है कि यह क्षेत्र वैज्ञानिकों के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने 10 अलग-अलग एम्फिपोड परिवारों से संबंधित 24 नई प्रजातियों की पहचान की। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि गहरे समुद्र में नई प्रजातियों की खोज करना अत्यंत कठिन और समय लेने वाला कार्य होता है। लेकिन इस खोज की सबसे खास बात यह है कि इसमें एक नई सुपरफैमिली की पहचान भी हुई है, जिसे मिराबेस्टियोइडिया नाम दिया गया है। टैक्सोनॉमी यानी वर्गीकरण विज्ञान में एक नई सुपरफैमिली की खोज अत्यंत दुर्लभ होती है, क्योंकि यह जीवों के विकासक्रम में एक पूरी तरह नई शाखा का प्रतिनिधित्व करती है। नई सुपरफैमिली के अंतर्गत एक नया परिवार और दो नए जीनस भी शामिल किए गए हैं। यह दर्शाता है कि इन जीवों का विकास अन्य ज्ञात एम्फिपोड समूहों से काफी अलग तरीके से हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस तरह की खोज यह संकेत देती है कि गहरे समुद्र में जीवन का विकास बहुत जटिल और विविध रहा है और हम अभी तक उसका केवल एक छोटा हिस्सा ही समझ पाए हैं।

गहरे समुद्र के पर्यावरण की बात करें तो यह पृथ्वी के सबसे कठिन और चरम वातावरणों में से एक है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और दबाव बहुत अधिक होता है। इन परिस्थितियों में जीवों का जीवित रहना अपने आप में एक अद्भुत उदाहरण है। एम्फिपोड्स ने इन कठिन परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल लिया है। कुछ प्रजातियां मृत जीवों को खाकर जीवित रहती हैं, जबकि कुछ शिकारी भी होती हैं।

इस खोज में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने न केवल पारंपरिक रूपात्मक अध्ययन (मॉर्फोलॉजी) का उपयोग किया, बल्कि डीएनए बारकोडिंग जैसी उन्नत तकनीकों का भी सहारा लिया। इससे उन्हें प्रजातियों के बीच सूक्ष्म अंतर समझने और उनके विकास संबंधों को स्पष्ट करने में मदद मिली। आज के समय में डीएनए विश्लेषण समुद्री जीवों के अध्ययन में एक क्रांतिकारी उपकरण बन चुका है, जिससे नई प्रजातियों की पहचान अधिक सटीक और तेजी से संभव हो पाई है।

यह खोज एक बड़े वैश्विक प्रयास का हिस्सा भी है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र की जैव-विविधता को समझना और दस्तावेज करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्लैरियन-क्लिपरटन जोन में मौजूद 90 प्रतिशत से अधिक प्रजातियां अभी तक अनजान हैं। इसका मतलब यह है कि समुद्र की गहराइयों में जीवन की अपार विविधता छिपी हुई है, जिसे समझने के लिए अभी बहुत काम किया जाना बाकी है।



इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि यह क्षेत्र खनन गति. विधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए यहां की जैव-विविधता को समझना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि खनन कार्य बिना पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी के शुरू कर दिए जाते हैं, तो कई ऐसी प्रजातियां नष्ट हो सकती हैं, जिनके बारे में हमें अभी तक पता भी नहीं है।

वैज्ञानिकों ने इस संदर्भ में चेतावनी दी है कि गहरे समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहुत संवे. दनशील होते हैं और इनमें होने वाले परिवर्तन का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी औद्योगिक गति. विधि से पहले व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए और पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन किया जाए। इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि समुद्री जीवन के अध्ययन में अभी बहुत संभावनाएं हैं। हर नई खोज न केवल हमारी जानकारी को बढ़ाती है, बल्कि हमें यह भी सिखाती है कि पृथ्वी पर जीवन कितनी विविधता और जटिलता से भरा हुआ है। एम्फिपोड्स जैसे छोटे जीव भी पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके बिना समुद्री जीवन की संतुलन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। गहरे समुद्र की खोज एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसमें अत्याधु. निक तकनीक, विशेष उपकरण और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। लेकिन इसके बावजूद, वैज्ञानिक लगातार नई खोजें कर रहे हैं, जो यह दर्शाती हैं कि मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक प्रयासों की कोई सीमा नहीं है।

अंतत:, 24 नई एम्फिपोड प्रजातियों और एक नई सुपरफैमिली की पहचान न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि हमें अपने महासागरों को समझने और संरक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। यह खोज हमें यह याद दिलाती है कि पृथ्वी का अधिकांश भाग अभी भी अनदेखा और अनजाना है, और उसमें छिपे रहस्यों को उजागर करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस प्रकार, यह अध्ययन समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होता है और भविष्य के अनुसंधानों के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि केवल एक क्षेत्र में इतनी नई प्रजातियां मिल सकती हैं, तो पूरे महासागर में कितनी अज्ञात प्रजातियां अभी भी खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रही होंगी।

**-एम. इमरान**

# राष्ट्रवाद की चाशमी में लिपटी धुरंधर २ पर उठते सवाल

**फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। सवाल उठ रहे हैं कि आदित्य धर को मोदी सरकार का गुणगान करने के लिए यह फिल्म बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? रामगोपाल वर्मा ने कहा है कि अब सिनेमा कहानी नहीं, एजेंडा बेच रहा है। आरोप यह भी लग रहा है कि इस फिल्म में कई बातें ऐसी हैं जो इस सरकार की गलतियों पर परदा डालने के लिए कही गई हैं।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' चर्चा में है। फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुबंई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार सं. हता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस .श्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?

भाजपा की सरकारों ने अब तक इस संबंध में कार्रवाई क्यों नहीं की? सवाल यह है कि क्या इस फिल्म में कई जगह अतिवाद का सहारा क्यों लिया गया है? एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधे तौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं का रहस्मयी उपांग जो हमेशा अन्देखा रहा!

कोशिकाओं के एक ऐसे रहस्यमय और लंबे समय तक अनदेखे रहे उपांग को अब वैज्ञानिकों ने एक नए काम में लगा दिया है, जिसके बारे में पहले बहुत कम जानकारी थी। सामान्य तौर पर जब हम कोशिकाओं की संरचना के बारे में पढ़ते हैं तो हमें बताया जाता है कि उनमें एक कोशिका झिल्ली होती है, पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति भी होती है, एक केंद्रक मौजूद रहता है, ऊर्जा उत्पादन के लिए माइटोकॉण्ड्रिया होते हैं और पदार्थों के भंडारण के लिए रिक्तिकाएं होती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कोशिक. ाओं में हजारों की संख्या में एक ऐसा घटक मौजूद होता है, जिसके बारे में लंबे समय तक वैज्ञानिकों के पास सीमित जानकारी ही थी।

इन रहस्यमई संरचनाओं को वॉल्ट कहा जाता है। इनकी खोज 1986 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेल्स के वैज्ञानिक लियोनार्ड रोम और नैन्सी केडेर्शा ने की थी। तब से लेकर अब तक वैज्ञानिक इनकी संरचना और कार्य को समझने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि अभी भी इनके कई पहलू रहस्य बने हुए हैं, लेकिन हाल के शोध में इनके एक महत्वपूर्ण उपयोग को सामने लाया गया है, जो जैविक अनुसंधान के क्षेत्र में काफी उपयोगी साबित हो सकता है। वॉल्ट वास्तव में खोखले और बैरल जैसे आकार के राइबोन्यूक्लियोप्रोटीन कण होते हैं, जो मनुष्यों सहित लगभग सभी यूकेरियोटिक यानी केंद्रक-युक्त कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में पाए जाते हैं। इनका आकार लगभग 70 नैनोमीटर होता है, जिससे यह कोशिका के सबसे बड़े कणों में गिने जाते हैं। इनकी बाहरी संरचना मुख्यत: मेजर वॉल्ट प्रोटीन यानी MVP से बनी होती है, जबकि इनके अंदर छोटे वॉल्ट आरएनए और तीन प्रकार के प्रोटीन पाए जाते हैं। एक सामान्य मानव कोशिका में इनकी संख्या लगभग 10,000 से लेकर 1,00,000 तक हो सकती है, खासकर प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाओं जैसे मैक्रोफेज में इनकी अधिकता देखी जाती है। यह कण मुख्य रूप से कोशिका द्रव्य में उपस्थित रहते हैं और कोशिका कंकाल से जुड़े रहते हैं, लेकिन कभी-कभी नाभिकीय छिद्रों के पास भी पाए जा सकते हैं। वैज्ञानिक जब यह समझना चाहते हैं कि किसी कोशिका के भीतर किस प्रकार की जैव-रासायनिक गतिविधियां हो रही हैं, तो वे सामान्यत: दो तरीकों का उपयोग करते हैं। पहला तरीका है प्रोटियोम का अध्ययन, जिसमें किसी विशेष समय पर कोशिका में मौजूद सभी प्रोटीन्स का विश्लेषण किया जाता है, क्योंकि प्रोटीन ही कोशिका की गतिविधियों के प्रमुख परिणाम होते हैं, इसलिए इनके अध्ययन से यह समझा जा सकता है कि उस समय कोशिका में कौन-कौन सी प्रक्रियाएं सक्रिय थीं। दूसरा तरीका है ट्रांसक्रिप्टोम का अध्ययन, जिसमें को. शिका में मौजूद सभी आरएनए अणुओं का विश्लेषण किया जाता है। आरएनए वह अणु होता है, जो डीएनए में निहित सूचनाओं के आधार पर प्रोटीन के निर्माण का निर्देश देता है। डीएनए के भीतर मौजूद जीन यह तय करते हैं कि कौन-कौन से प्रोटीन बनाए जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर इन जीनों की प्रतिलिपि आरएनए के रूप में तैयार होती है, जिसे मैसेंजर आरएनए या m



RNA कहा जाता है। यही mRNA कोशिका द्रव्य में जाकर प्रोटीन निर्माण की प्रक्रिया को संचालित करता है। इस प्रकार यदि किसी कोशिका में उपस्थित सभी आरएनए का अध्ययन किया जाए, तो यह पता लगाया जा सकता है कि कौन-कौन से प्रोटीन बन रहे हैं या हाल ही में बने हैं। इस पूरी प्रक्रिया को ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण कहा जाता है। हालांकि इस पद्धति की एक बड़ी सीमा यह है कि आरएनए अणु बहुत अस्थिर होते हैं। वे अपना कार्य पूरा करने के कुछ ही मिनटों के भीतर नष्ट हो जाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण केवल बहुत हाल की गति. विधियों की ही जानकारी दे सकता है, उससे पहले की नहीं। यही वह जगह है जहां वॉल्ट्स ने वैज्ञानिकों को एक नया समाधान प्रदान किया। ब्रॉड इंस्टीट्यूट के जैव-चिकित्सा इंजीनियर फाइ चेन ने यह जानने की कोशिश की कि किसी कोशिका में पिछले कुछ दिनों के दौरान कौन-कौन से जीन सक्रिय रहे हैं। उनका विचार यह था कि यदि mRNA अणुओं को किसी तरह सुरक्षित रखा जा सके, तो बाद में उनका विश्लेषण करके यह जाना जा सकता है कि वे किन जीनों से बने थे और किन जीनों की गतिविधि पहले हुई थी। शुरुआत में उन्होंने पोली A बाइंडिंग प्रोटीन यानी PABP का सहारा लेने की सोची। यह प्रोटीन स्वाभाविक रूप से mRNA के एक सिरे से जुड़ता है और उसकी रक्षा करता है। योजना यह थी कि इस प्रोटीन को किसी स्थाई संरचना के साथ जोड़ दिया जाए, ताकि जब यह mRNA से जुड़े, तो उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। इस उद्देश्य से उन्होंने चाठच को एक बैक्टीरिया के प्रोटीन के साथ जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो पाया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने वॉल्ट्स का सहारा लेने का विचार किया, क्योंकि यह संरचनाएं अंदर से खोखली होती हैं और अणुओं को अपने भीतर समाहित कर सकती हैं। m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाने के लिए उन्होंने एक विशेष रणनीति अपनाई, जिसमें चाठच के जीन को वॉल्ट के अंदर मौजूद प्रोटीन से जुड़ने वाले जीन के साथ मिला दिया गया। वॉल्ट की संरचना तीन परतों से बनी होती है। इसकी सबसे बाहरी परत मेजर वॉल्ट प्रोटीन की होती है, जबकि अंदर की ओर छोटे प्रोटीन की परतें होती हैं। इसका बाहरी आवरण स्थिर नहीं होता, बल्कि समय-समय पर इसमें छोटे छिद्र बनते रहते हैं, जिनके माध्यम से छोटे अणु अंदर प्रवेश कर सकते हैं। वॉल्ट के अंदर प्रवेश करने के लिए किसी भी अणु को एक विशेष प्रोटीन, जिसे वॉल्ट पॉली (एडीपी राइबोस) पॉलीमरेज या VPARP कहा जाता है, से जुड़ना होता है। यह एक तरह का संकेत तंत्र होता है। जब कोई अणु इससे जुड़ता है, तो उसे वॉल्ट के भीतर जाने की अनुमति मिल जाती है। इसी तंत्र का उपयोग करते हुए वैज्ञानिकों ने m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाया। उन्होंने कोशिका में संशोधित PABP जीन को प्रविष्ट कराया और साथ ही MVP जीन की अतिरिक्त प्रतियां भी डालीं। इसके परिणामस्वरूप संशोधित PABP ने m-RNA को पकड़कर उसे वॉल्ट के अंदर पहुंचा दिया। बाद में वैज्ञानिकों ने इन वॉल्ट्स को रासायनिक रूप से खोलकर उनके अंदर मौजूद m-RNA का विश्लेषण किया और उसके न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम को पढ़ा। इससे यह पता चल गया कि यह m-RNA किन जीनों से उत्पन्न हुए थे। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें m-RNA को वॉल्ट के भीतर कैद कर लिया जाता है, जहां वह लगभग सात दिनों तक सुरक्षित रह सकता है। इस प्रकार वैज्ञानिक अब कोशिका की पिछली गतिविधियों का भी अध्ययन कर सकते हैं, जो पहले संभव नहीं था। इस विधि को परखने के लिए कोशिकाओं को गर्मी और कम ऑक्सीजन जैसी परिस्थितियों में रखा गया और उनकी आनुवंशिक प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया।

**-स्रोत फीचर्स**

